दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 310 जयपुर, गुरुवार, 19 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, शुक्ल पक्ष- पंचमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### राजस्थान हाई कोर्ट को मिले तीन नए न्यायाधीश



**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में बुधवार को तीन न्यायाधीश का स्थानांतरण किया गया है। आदेश के अनुसार पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश अवनीश झिंगन व न्यायाधीश अरुण मोंगा और तेलगांना हाईकोर्ट के न्यायाधीश मुन्नूरी लक्ष्मण का राजस्थान हाई कोर्ट में तबादला किया गया है। इन तबादलों के बाद मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की संख्या 35 हो जाएगी। केन्द्र ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर 16 हाईकोर्ट न्यायाधीशों के स्थानांतरण की अधिसूचना जारी की है। राजस्थान हाईकोर्ट में जजों के कुल 50 पद स्वीकृत है। वर्तमान में 32 जज कार्यरत हैं। इन तीन जजों के कार्य ग्रहण करने के बाद भी 15 पद खाली रहेंगे।

### महिला थाने के एएसआई और तीन कांस्टेबल गिरफ्तार

**जयपुर।** दौसा जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने महिला थाने के एक एएसआई और तीन कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एएसआई विनय कुमार, राजेश, सुरेश व शिवचरण को कार सवार के पैसे निकालने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सीकर के दादिया थाना क्षेत्र निवासी वीरेंद्र जाखड़ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 16 अक्टूबर को पुलिस ने सीकर कलेक्ट्री चौराहे पर उनकी कार को रोक बैग में 5 लाख कैश के बारे में पूछा तो वीरेंद्र व उसके मित्रों ने ये पैसे गाड़ी खरीदने के लिए रखे बताए। तब पुलिसकर्मियों ने उन्हें धमकाते हुए डेढ़ लाख रुपए निकाल कर बैग लौटा दिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**भाजपा की सियासत:** पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिया जीत का मंत्र... कांग्रेस को घेरा

# तुष्टीकरण से कांग्रेस ने प्रदेश की कानून व्यवस्था बर्बाद की

■ **जिस लाल डायरी में काले कारनामे छिपे उस पर बेशर्मी से देते हैं बयान**

बेधड़क | जयपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को कोटा और अजमेर संभाग के दौरे में पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ के माइक्रो मैनेजमेंट से जीत का मंत्र दिया तो राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर जमकर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति करने के चक्कर में प्रदेश में कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। नड्डा ने कहा कि प्रदेश में 17 पेपर लीक हुए हैं। इससे प्रदेश के 50 लाख से ज्यादा युवाओं के साथ अन्याय हुआ। वहीं, अकेले राजस्थान में 22% रेप के केस हैं। 15 हजार से ज्यादा माइनर रेप के केस रिपोर्ट हुए हैं। क्राइम ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार महिला उत्पीड़न में राजस्थान नंबर एक पर है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में कांग्रेस की सरकार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है।

### किसानों की कर्जमाफी पर कांग्रेस ने की वादाखिलाफी



नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के नेता लाल डायरी पर जिस तरह से बेशर्मी से जवाब देते हैं। उससे स्पष्ट हो जाता है कि किस तरह से कांग्रेस नेता भ्रष्टाचार पर उदासीन हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी किसानों का कर्ज माफ करने का वादा करते थे, लेकिन 19 हजार से अधिक किसानों की जमीन कुर्क कर ली गई। कांग्रेस के नेता कहते हैं कि यह मर्दों की भूमि है, इसलिए बलात्कार होता है। समझा जा सकता है कि ऐसी सोच वाले नेता और ऐसे राजनीतिक दल महिलाओं के प्रति किस तरह की दुर्भावना रखते हैं। अशोक गहलोत की कांग्रेस सरकार में पिछले पांच साल से राजस्थान में लूट-खसोट का शासन-प्रशासन चल रहा है। गहलोत सरकार ने भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा करते हुए की जनता का हाल-बेहाल कर दिया है।

### कोटा-अजमेर की सभी सीटें जीतेंगे

नड्डा ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ मंत्रणा की और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कई दिशा-निर्देश दिए। नड्डा ने कहा कि जो जोश और उत्साह पार्टी कार्यकर्ताओं में है और भाजपा को लेकर यहां की जनता में दिख रहा है, उससे यह स्पष्ट है कि राजस्थान की जनता ने भाजपा के प्रति अपना मन बना लिया है। जनता ने संकल्प ले लिया है कि वह परिवर्तन चाहती है। भाजपा कोटा और अजमेर संभाग की सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

### राजे को बैठक में आने का मना किया

बैठक में वसुंधरा राजे की गैर मौजूदगी चर्चा का विषय रही। जिस मामले पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राजे को बैठक में आने से उन्होंने ही मना किया था। वहीं, पहली सूची के बाद नेताओं के विरोध को लेकर कहा कि भाजपा में किसी तरह की फूट नहीं है। वहीं, दूसरी सूची को लेकर कहा कि एक-दो दिन में आ जाएगी।

**प्रत्याशी चयन की कवायद**

**कांग्रेस की सूची के लिए बैठक का एक दौर और**

# दोनों पार्टियों में टिकटों पर सहमति नहीं, बढ़ा इंतजार

## भाजपा में आज फिर से कोर कमेटी करेगी मंथन




बेधड़क | नई दिल्ली/जयपुर

राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों की लिस्ट का इंतजार अब लंबा होता दिख रहा है। दोनों दलों में प्रत्याशी चयन को लेकर अंदरखाने में सहमति नहीं बनती देख अभी बैठकों का दौर और चलेगा। हालांकि यह बात तय मानी जा रही है कि कांग्रेस की पहली और भाजपा की दूसरी सूची जम्बो होगी। इसके बाद वही सीटें बाकी रह जाएंगी, जिनको लेकर नेताओं के बीच सहमति नहीं बन रही है।

भाजपा ने गुरुवार को फिर से दिल्ली में कोर कमेटी की बैठक बुलाई है। सूत्रों की मानें तो जयपुर सहित कई सीटों लेकर नीचे के स्तर से मिले पैनल में कमी दिखाई दे रही है। इसलिए पार्टी ने प्रदेश के नेताओं को फिर से होमवर्क करके पैनल देने को कहा है।

### कांग्रेस में 100 नामों को मंजूरी

कांग्रेस में बुधवार देर शाम टिकटों की पहली सूची के ऐलान की पूरी संभावना थी, लेकिन अंतिम समय में सूची को रोक दिया गया। हालांकि दिनभर जानकारी मिलती रही कि कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली में घंटों तक चले मंथन के बाद 100 से अधिक नामों की सूची पर फाइनल मुहर लगा दी है। बताया गया कि इन सभी सीटों में ऐसे प्रत्याशियों के नाम थे, जो मंत्री या वर्तमान विधायक हैं और कोई विरोध नहीं था। इस बीच कांग्रेस ने बुधवार देर शाम छत्तीसगढ़ की दूसरी 53 उम्मीदवारों की सूची है।

### सीईसी में चला 3 घंटे मंथन

कांग्रेस की ओर से सीईसी की बैठक बुधवार सुबह 9 बजे शुरू हुई। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत सीईसी के अन्य सदस्य मौजूद रहे। वहीं, राजस्थान की बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा भी मौजूद रहे। इस बैठक में सचिन पायलट को नहीं बुलाया गया था। बैठक में टिकटों को लेकर करीब 3 घंटे से ज्यादा देर तक मंथन चला जहां बताया गया कि सुरक्षित सीटों के अलावा सी और डी कैटेगरी की टिकटों पर भी चर्चा हुई। वहीं, बैठक में राहुल गांधी सभी दावेदारों की सर्वे रिपोर्ट लेकर बैठे दिखाई दिए, जिसके बाद बताया गया कि इस बार सर्वे के आधार पर ही मौका दिया जाएगा।

### कल सूचियों के आने की संभावना

सीईसी की बैठक के बाद सामने आया कि कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली लिस्ट अब 20 अक्टूबर या उसके बाद जारी हो सकती है। 20 को प्रियंका गांधी का सिकराय दौरा है जहां वे एक जनसभा को संबोधित करेंगी। बताया जा रहा है कि प्रियंका गांधी के दौरे के बाद ही अब पहली लिस्ट जारी हो सकती है। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा की सूची 20 को सीईसी की बैठक के बाद जारी हो सकती है।

### राहुल की आपत्ति पर फिर मंथन शुरू

कांग्रेस की सीईसी की बैठक में 106 सीटों के सिंगल नाम के पैनल रखे गए, जिनमें अधिकतर नामों पर आलाकमान की सहमति बन गई। हालांकि कुछ नामों पर राहुल गांधी ने ऑब्जेक्शन भी किया, जिसको लेकर सवाल-जवाब किए गए। अब बताया जा रहा है कि AICC के सर्वे रिपोर्ट में जिन सीटों की अलग रिपोर्ट थी उन सीटों पर नामों की घोषणा रुक सकती है।

**केंद्रीय कैबिनेट ने लिए 5 बड़े फैसले**

# केंद्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता 4% और गेहूं का समर्थन मूल्य 150 रुपए बढ़ाया

एजेंसी | नई दिल्ली

त्योहारों के मौसम की शुरुआत से पहले केंद्रीय कैबिनेट की हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। महंगाई भत्ता अब 42 प्रतिशत से बढ़कर 46 प्रतिशत हो गया है। वहीं, गेहूं के एमएसपी में भी सरकार ने 150 रुपए की बढ़ोतरी की है। प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने यह कदम उठाया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल के इस निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि बढ़ा हुआ भत्ता एक जुलाई, 2023 से लागू होगा।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 13 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा विकसित करने की नीति बनाई है। नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़े सौर प्लांट के संचरण के लिए लाइन होनी बहुत आवश्यक है। ठाकुर ने कहा कि रेलवे विभाग के नॉन गजेटेड रेलवे कर्मियों के लिए 78 दिन की सैलरी के बराबर बोनस त्योहारों के अवसर पर दिया जाएगा।

■ **रेल कर्मियों को मिलेगा 78 दिन की सैलरी जितना बोनस**




### बैठक में लिए गए अहम फैसले

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केंद्र सरकार के -कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते (डीए) में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इस फैसले से 48.67 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनधारकों को लाभ होगा।
- बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 जुलाई से प्रभावी हो जाएगा। इसका मतलब साफ है कि जुलाई से अक्टूबर तक का एरियर कर्मचारियों को दिया जाएगा।
- सरकार ने बुधवार को विपणन सत्र 2024-25 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 150 रुपए बढ़ाकर 2,275 रुपए प्रति क्विंटल करने की घोषणा की।

### केसरी का विरोध... पोस्टर चस्पा




*जयपुर। आरपीएससी के सदस्य नियुक्त किए गए केसरी सिंह राठौड़ के राजस्थान विश्वविद्यालय में कई जगह गुमशुदगी के पोस्टर लगाए गए। पोस्टर में गुमशुदा की तलाश लिखा गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राठौड़ को आयोग का सदस्य नियुक्त करने के बाद से ही विरोध जारी है। इस मामले को लेकर गहलोत माफ़ी भी मांग चुके हैं।*

**इंटेलीजेंस की रिपोर्ट**

# कांग्रेस 80-85 सीटों पर मजबूत, समर्थन से सरकार हो सकती है रिपीट

- कांग्रेस निर्दलीयों व अन्यों की सहायता से कर सकती है रिपीट
- भाजपा के 40 विधायकों के टिकट कटे तो सत्ता वापसी की उम्मीद
- पुलिस मुख्यालय के पांच आईपीएस बना रहे सभी सीटों की रिपोर्ट

ओम प्रकाश शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची आ चुकी है और कांग्रेस में अभी प्रत्याशियों को लेकर दिल्ली में मंथन चल रहा है। इस बीच में विधानसभा चुनावों को लेकर पुलिस मुख्यालय इंटेलीजेंस शाखा ने हार-जीत को लेकर विधानसभावार एक गोपनीय रिपोर्ट तैयार कर सरकार से भी साझा की है।

सूत्रों का दावा है कि रिपोर्ट के मुताबिक 80 से 85 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की मजबूत स्थिति है। इनमें 25 विधानसभा सीटें तो ऐसी है, जिन पर पहले से कांग्रेस काबिज है, जबकि 60 सीटों पर जीते हुए विधायकों के टिकट कटेंगे तो वहां पर जीत की ज्यादा संभावना है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस इस बार तीसरे मोर्चे व निर्दलीय विधायकों के साथ मिलकर सरकार बना सकती है। उधर, भाजपा के मौजूदा 40 विधायकों के टिकट काट दिए जाएं तो सत्ता में वापसी की उम्मीद है।





### निर्दलीय व अन्य दलों की बढ़ सकती हैं सीटें

कांग्रेस में जीते हुए विधायकों के टिकट काटने के पीछे वजह उनकी ग्राउंड रिपोर्ट विपरीत बताई जा रही है। क्षेत्रवासी अब ऐसे नेताओं के पक्ष में नहीं है। सूत्रों का दावा है कि इंटेलीजेंस रिपोर्ट और कांग्रेस के खुद के सर्वे के आधार पर प्रत्याशियों का चयन किया जा रहा है। इसके आधार पर पहली सूची जारी होगी। वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनावों में जितने निर्दलीय व अन्य दलों के नेताओं जीत दर्ज की थी। वह संख्या इस बार दो गुनी हो सकती है।

### पार्टियों को बता रहे हार-जीत का गणित!

पुलिस मुख्यालय में चर्चा है कि भाजपा व कांग्रेस सरकार में सत्ता के दौरान करीबी रहे पांच आईपीएस अफसर खुद के स्तर पर सभी विधानसभा क्षेत्रों की रिपोर्ट ले रहे हैं। वें दोनों पार्टियों के बड़े नेताओं के लगातार संपर्क में है और विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों व हार-जीत की रिपोर्ट दे रहे हैं। इनमें पुलिस मुख्यालय की पहली मंजिल पर बैठने वाले दो आईपीएस, दूसरी मंजिल पर बैठने वाले दो आईपीएस और पांचवी मंजिल पर बैठने वाले एक आईपीएस अफसर हैं। जो दोनों पार्टियों के संपर्क में हैं, ताकि किसी की भी सत्ता आने के बाद वे खुद की रिपोर्ट को प्रूफ कर सकें।

### 2018 में कांग्रेस को मिली थीं 100 सीटें

दरअसल वर्ष 2018 में कांग्रेस ने 100 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। इसके बाद कांग्रेस ने निर्दलीय व अन्य पार्टी के नेताओं ने शामिल करके सरकार बनाई थी। पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा 163 सीटों से 72 विधानसभा सीटों तक सिमट गई थी। जबकि कांग्रेस 21 सीटों से 100 तक पहुंच गई थी। पिछले विधानसभा चुनावों में बसपा 6, आरएलपी 3 और निर्दलीय व अन्य पार्टी के 19 प्रत्याशियों ने चुनाव जीता था।

## जरूरी खबर

### वायरल ऑडियो पर खान मंत्री ने दी सफाई



**जयपुर।** प्रमोद जैन भाया ने अपना एक ऑडियो वायरल होने के बाद मामले में सफाई दी है। इस ऑडियो में भाया गृहमंत्री अमित शाह को लेकर बात कर रहे हैं। भाया ने कहा कि चुनाव में ऐसे मनगढ़ंत ऑडियो-वीडियो टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर और भी बनाए जाएंगे, लेकिन हम इनसे विचलित होने वाले नहीं हैं। इसके साथ ही मंत्री प्रमोद जैन भाया ने वसुंधरा राजे के भाजपा में कमजोर होने के सवाल पर कहा कि भाजपा अपना काम करेगी और हम अपना काम करेंगे। हम कांग्रेस के सिपाही हैं। कांग्रेस जहां पर हमें आदेश देती है, हम कभी विचलित नहीं होते।

### सीएम ओएसडी की गिरफ्तारी पर 3 नवंबर तक रोक

**जयपुर।** प्रदेश की राजनीती के सबसे चर्चित प्रकरण फोन टेपिंग मामले में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी और प्रदेश कांग्रेस सेंट्रल वॉर रूम के को-चेयरमैन लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर 3 नवम्बर तक रोक लग गईहै। गौरतलब है कि बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में मामले को लेकर दोपहर बाद 3 बजे सुनवाई होनी थी, लेकिन हाईकोर्ट में एक जज का विदाई समारोह के कारण सुनवाई नहीं हो पाई। इसके कारण सुनवाई की अगली तारीख 3 नवंबर तक टल गई है। ऐसे में अब राजस्थान फोन टैपिंग प्रकरण में लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर अगली सुनवाई तक रोक बरकरार रहेगी।

### पहली सूची के नामों को बदलने की मांग खारिज



**जयपुर।** बीजेपी प्रत्याशियों की पहली सूची के बाद टिकट पर पुनर्विचार की मांग को नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने खारिज कर दिया है। इस बवाल पर नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा कि एक बार छूटा हुआ तीर वापस लौटकर नहीं आता, टिकट बदलने का कोई विचार नहीं हैं। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के टिकट जारी नहीं होना उनका आंतरिक मामला है, उस पर कोई टीका टिप्पणी नहीं की। राठौड़ ने झोटवाड़ा सहित कई जगह बीजेपी प्रत्याशियों के हो रहे विरोध के सवाल पर कहा कि बीजेपी का हर कार्यकर्ता पंच निष्ठाओं से बंधा हुआ है, वो ऐसा काम नहीं कर सकता।

---

**भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का कोटा तथा अजमेर दौरा, चुनाव और संगठन को लेकर की चर्चा**

# नड्डा का कार्यकर्ताओं को मूल मंत्र, बूथ जीता तो चुनाव जीता

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को कोटा और अजमेर के दौरे पर रहे। इस दौरान वे मार्बल नगरी किशनगढ़ और शिक्षा नगरी कोटा में पहुंचे। इस दौरान जेपी नड्डा ने दोनों जगह संभाग बैठकें करके पार्टी पदाधिकारियों के साथ मंत्रणा की और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कई दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने संभाग पदाधिकारियों से कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान सहित पूरे देश में जन-कल्याण और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाए। साथ ही, सीएम सशोक गहलोत की कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार, दलित, आदिवासी एवं महिलाओं खिलाफ बढ़ते अपराध को लेकर जनता की आवाज बुलंद करें। इस दौरान नड्डा ने भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ माइक्रो मैनेजमेंट का मंत्र भी दिया।

नड्डा ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि जीत का मूल मंत्र यही है, बूथ जीता तो चुनाव जीता।




### कमल खिलाने का किया आह्वान

जेपी नड्डा ने संभाग के पदाधिकारियों की बैठक में पॉजिविट रहने का मंत्र देते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी ताकत पहचानने और संगठन को सर्वोपरि मानकर काम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने संगठन के प्रति सक्रिय रहकर समाज के सभी वर्गों को पार्टी की रीति नीति से जोड़ते हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा का कमल खिलाने का आह्वान किया। नड्डा ने जिला पदाधिकारियों को कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम में पुराने और नए कार्यकर्ता कितने जुड़ रहे हैं, इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसका समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों में आंकलन करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने विशेषकर युवा और महिला वर्ग के साथ-साथ एनजीओ और विभिन्न खेल संगठनों, लाभार्थियों और प्रभावी और प्रवासी कार्यकर्ताओं से निरंतर संपर्क में रहते हुए उन्हें संगठन से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। नड्डा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी सीटों पर विजय हासिल करने के लक्ष्य के साथ काम करने की आवश्यकता हैं।

### कार्यकर्ता आपस में एकजुट होकर प्रत्याशियों को जिताने में जुट जाएं

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता आपस में एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशियों को जिताने में जुट जाएं। राज्य में भाजपा सरकार बनाने के लिए बूथ मैनेजमेंट से लेकर अधिक से अधिक मतदान कराने पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। नड्डा ने कार्यकर्ता को टिप्स देते हुए कहा कि यदि हमने इस प्रकार अपने आचार विचार को रखा और नियोजन के साथ चले तो हम अपने बूथ को जीतने में कामयाब रहेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन में की गई गलतियों से जीता हुआ चुनाव हार जाते हैं और सही काम की वजह से हारा हुआ चुनाव भी जीत जाते हैं। जीत का मूल मंत्र यहीं है कि बूथ जीता चुनाव जीता। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता रोज अपने बूथ के 5 लोगों से बात करें। दौरे के दौरान नड्डा के साथ प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, वर्तमान और पूर्व विधायक समेत जिला अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

**चुनाव से पहले भाजपा नेताओं का कांग्रेस पर वार**

# कचरे के ढेर में भी मिल रहे भ्रष्टाचार के सबूत: भारद्वाज

**■ कांग्रेस पर जांच प्रभावित करने के लगाए आरोप**

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बीच राजनीतिक पार्टियों में एक दूसरे पर आरोप लगाने का दौर जारी है। बुधवार को भाजपा के पदाधिकारियों ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार, अपराध सहित कई मामलों पर घेरते हुए जुबानी हमला बोला है। जयपुर के भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए राज्य की जांच एंजेसियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के मामलों में जांच को प्रभावित करने और सबूतों को खुर्दबुर्द करने के गंभीर आरोप भी लगाए। भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस का भ्रष्टाचार अब कूड़े के ढेर तक पहुंच चुका है। कूड़े में मिलीं नोटों के ऊपर लगने वाली पर्चियां भ्रष्टाचार की गवाही दे रही हैं। आदर्श आचार संहिता लगने के बाद प्रदेश में लॉकर सोना और नकदी उगल रहे हैं। इन पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने जो खुली लूट मचाई है, उसके सबूत अब कचरे के ढेरों में भी पाए जा रहे हैं। भारद्वाज ने कहा कि बाबूलाल कटारा के मामले में भी राज्य सरकार की जांच एजेंसियों ने सही तरीके से जांच नहीं की वरना पेपर लीक मामले से जुड़े अन्य तथ्य भी सामने आते और सरकार में बैठे मुख्य आरोपी पकड़ में आते।

### राज्य में पहली ओपीएस लाभार्थी को ही नहीं मिला लाभ: सैनी




### ठगा हुआ महसूस कर रहे कर्मचारी

पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री डॉ. प्रभुलाल सैनी ने कहा कि सीएम अशोक गहलोत ने कर्मचारियों को एक बार फिर ओपीएस के नाम पर धोखा दिया है। अब तक ओपीएस की ब्रांड एम्बेसेडर के रूप में प्रचारित की जा रही शिक्षा विभाग की रिटायर कर्मचारी राजकुमारी जैन को ओपीएस के पूरे लाभ नहीं मिल पाए हैं। इससे साबित हो गया है कि राज्य सरकार एक बार फिर अपने फायदे के लिए कर्मचारियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है और ओपीएस के नाम पर झूठी तसल्ली दे रही है। ओपीएस के लिए विभागों में कर्मचारियों से अलग-अलग फार्म भरवाए जा रहे हैं, तो कहीं ब्याज सहित वसूली की जा रही है। राजीतिक फायदे के लिए लागू की गई ओपीएस स्कीम का लाभ कर्मचारी को नहीं मिल रहा है।

### कांग्रेस शासन में युवाओं के साथ हुआ खिलवाड़

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान युवाओं ने बेरोजगारी का जो दंश झेला है, उसे आने वाली पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। राजस्थान बेरोजगारी को लेक पहले स्थान पर पहुंच गया, वहीं राजस्थान के युवा रोजगार के लिए राज्यों में पलायन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री गहलोत सरकार की गलत नीतियों और कुप्रबन्धन के कारण पंजीकृत बेरोजगारों में से 10 फीसदी बेरोजगारों को ही बेरोजगारी भत्ता मिल पा रहा हैं। सरकार की लाचारी का आलम यह है कि सरकार ने विभागीय स्तर पर बेरोजगारी की दर के आंकड़ों का संधारण भी नहीं किया है। कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में सभी बेरोजगारों को सस्ती दरों में कर्ज मुहैया करवाने का वादा भी किया था लेकिन आवेदन के बाद भी युवाओं को आज तक व्यवसाय के लिए ऋण नहीं मिल पाया है। रोजगार विभाग में इस वर्ष की शुरुआत तक करीब 19 लाख युवा बेरोजगार पंजीकृत थे और इसमें से पांच वर्षों में 1 लाख 90 हजार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता मुहैया करवाया गया है।

---

**BJP के राष्ट्रीय प्रवक्ता का जुबानी हमला**

# राजस्थान में सीएम फेस मोदी और कमल का फूल: पूनावाला



**■ कांग्रेस में चेहरों के बीच लड़ाई, इसलिए सूची नहीं आई**

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला बुधवार को कोटा जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पूनावाला ने कहा कि भाजपा ने तो पहली सूची जारी कर दी है, लेकिन कांग्रेस अभी भी झगड़ने में लगी है। दिल्ली में 24 अकबर रोड के बाहर विरोध और झगड़े हो रहे हैं। कपड़े फाड़ने की नौबत आ गई हैं। कांग्रेस प्रत्याशी मैदान में इसलिए उतार नहीं पाई क्योंकि पायलट और गहलोत के बीच झगड़ा चल रहा है। ऐसा अभियान मध्य प्रदेश से लेकर राजस्थान में चल रहा है। वहीं राजस्थान में सीएम का फेस कौन होगा इसे लेकर उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और कमल का फूल ही चुनाव में हमारा चेहरा है। मध्य प्रदेश में सरकार नहीं होने पर भी कमलनाथ का चेहरा घोषित कर दिया गया, जबकि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है, लेकिन यहां पर कांग्रेस चेहरा घोषित नहीं कर पाई हैं।

इसका एक ही कारण है कि यहां चेहरों के बीच में ही लड़ाई चल रही हैं। ऐसे ही हालात तेलंगाना और अन्य जगह के भी हैं।

पूनावाला ने तंज कसते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा निकालने की जरूरत कांग्रेस को नहीं हैं। भारत को सरदार वल्लभभाई पटेल ही जोड़ गए थे, इसलिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को पहले "कांग्रेस जोड़ो यात्रा' निकालनी चाहिए।

---

**चेयरमैन प्रमोद जैन भाया की अध्यक्षता में पीसीसी में चर्चा**

# कांग्रेस के स्टार प्रचारकों के दौरे को लेकर कमेटियों का गठन

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से विधानसभा चुनाव के लिए गठित प्रोटोकॉल समिति की बैठक बुधवार को चेयरमैन प्रमोद जैन भाया की अध्यक्षता में हुई।

पार्टी की ओर से स्टार प्रचारक और कांग्रेस के बड़े नेताओं के लिए इंतजाम करने के लिए अलग-अलग कमेटी बना दी गई है। स्टार प्रचारकों को एयरपोर्ट से रिसीव करने, होटल में ठहरने, वाहनों का इंतजाम करने से लेकर खाने-पीने तक का इंतजाम करने की अलग-अलग नेताओं को जिम्मेदारी दे दी गई है, ताकि चुनाव में किसी को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों तथा वरिष्ठ नेताओं के आवागमन पर सुव्यवस्थित सुविधाओं तथा उनके प्रोटोकॉल के लिए उप समितियों का गठन किया है। उन्होंने बताया कि व्हीकल कमेटी, अकोमोडेशन कमेटी, एविएशन कमेटी, एयरपोर्ट कमेटी, प्रोटोकॉल कन्ट्रोल रूम कमेटी, वीआईपी असिस्टेन्स उप समितियां गठित की गई है।

भाया ने समिति के संयोजक मुमताज मसीह को चुनाव के दौरान प्रोटोकॉल समिति के सम्पूर्ण कार्यों व उप समितियों में सहायकों की नियुक्ति करने के लिए अधिकृत किया है। बैठक में रफीक खान, नसीम अख्तर इंसाफ, जिया उर रहमान, विद्याधर चौधरी, छोटूराम, भीम सिंह, पंकज सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

---

**भाजपा को घेरने जुटेगा कांग्रेस आलाकमान**

# जन जागरण यात्रा कल पहुंचेगी दौसा

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस ईस्टर्न राजस्थान केनाल परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं देने को लेकर जन जागरण यात्रा निकला रहीहै। कांग्रेस ईआरसीपी से प्रभावित 13 जिलों में हर दिन सभा कर रही है और हजारों लोगों तक पहुंचने का दावा कर रही है।

कांग्रेस ने यह जन जागरण यात्रा बारां जिले से शुरू की थी। शुक्रवार को यहयात्रा दौसा पहुंचेगी। शुक्रवार को कांदोली में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर स्थित भारत जोड़ो स्थल पर विशाल जनसभा आयोजित होगी। सभा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा संबोधित किया जाएगा। कांग्रेस प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसभा में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, एआईसीसी के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, एआईसीसी सचिव व सह प्रभारी अमृता धवन, काजी मोहम्मद निजामुद्दीन, वीरेंद्र सिंह राठौड़ भी भाग लेंगे।



सिकराय में शुक्रवार को होने वाली कांग्रेस की जनसभा को लेकर राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा ने बुधवार को तैयारियों का जायजा लिया। मीणा सभा स्थल पर पहुंचे और व्यवस्थाओं को लेकर कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए।

---

**विधानसभा चुनाव को लेकर सख्ती**

# राजस्थान में 105 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की अवैध सामग्री पकड़ी

**■ इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम को लेकर हुई बैठक**

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर निर्वाचन विभाग के निर्देश पर प्रदेश में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों के सीजर संबंधी काम की भारत निर्वाचन आयोग ने प्रशंसा की है।

भारत निर्वाचन आयोग के उपायुक्त अजय भादू ने जयपुर में एनफोर्समेंट एजेंसियों की राज्य स्तरीय बैठक में कहा कि अभी तक राजस्थान का सीजर संबंधी काम शानदार रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग के निर्देश पर एनफोर्समेंट एजेंसियां विधानसभा चुनाव 2018 के मुकाबले बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 9 अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एजेंसियों ने 105 करोड़ रुपए से ज्यादा की कीमत की अवैध सामग्री जब्त कर नया रिकॉर्ड कायम किया है।




### जिलों का प्रशासन कर रहा है काम

आयोग के उपायुक्त भादू ने बुधवार को जयपुर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय अनुवीक्षण की मॉनिटरिंग के लिए बनाए गए ऐप ई- एसएमएस संबंध में एनफोर्समेंट एजेंसियों के स्टेट नोडल ऑफिसर और जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक की। उन्होंने जयपुर, उदयपुर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और जोधपुर जिले के सीजर संबंधी काम की तारीफ की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम के संबंध में एनफोर्समेंट एजेंसियों के स्टेट नोडल ऑफिसर के साथ बैठक एवं जिलों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रखी गई थी। जिसमें निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए ईएसएमएस( चुनावी जप्ती प्रबंधन प्रणाली) एप्लीकेशन के उपयोग के बारे में बताया गया। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशक पंकज श्रीवास्तव, अवर सचिव अनुप कुमार, एएसओ सचिन जिंदल, सोल्युशन डिलिवरी के प्रमुख संतोष कुमार पठारिया सहित एनफॉरसमेंट एजेंसियों के स्टेट नोडल ऑफिसर्स, और निर्वाचन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

### झूठी शिकायतों से भी परेशान विभाग

प्रदेश के विधानसभा चुनावों में आचार संहिता के उल्लंघन पर नकेल कसने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए सी-विजिल ऐप पर झूठी शिकायतों से भी विभाग परेशान है। भरतपुर जिले में आ रहीं झूठी शिकायतों ने प्रशासनिक अधिकारियों की मशक्कत करा रखी है। आचार संहिता लागू होने के बाद बीते 10 दिन में सी विजिल ऐप पर मिली कुल शिकायतों में से करीब 75% झूठी पाई गई हैं। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के उपनिदेशक पुष्पेंद्र कुंतल ने बताया कि सी विजिल ऐप पर 9 से 18 अक्टूबर तक कुल 64 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 16 शिकायतें सही पाई गईं और 48 शिकायतें झूठी निकली। सही पाई गई शिकायतों का फ्लाइंग स्क्वॉड टीम (एफएसटी) ने समय से निस्तारण कर दिया। झूठी शिकायतों में ऐप पर कोई सेल्फी अपलोड कर रहा है, तो कोई धन वितरण व अन्य तरह की झूठी शिकायत कर रहे हैं।



## आज स्कंदमाता की करें आराधना



**नवरात्र** के पांचवें दिन मां दुर्गाजी के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की आराधना की जाती है। भगवान स्कंद (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। नवरात्रि पूजन के पांचवे दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्व बताया गया है। साधक का मन समस्त लौकिक, सांसारिक, मायिक बंधनों से विमुक्त होकर पद्मासना मां स्कंद माता के स्वरूप में पूरी तरह तल्लीन होता है। माता के इस ममतामयी रूप की पूजा अर्चना से बुद्धि और विवेक में वृद्धि होती है।

### इस मंत्र का जाप करें

*सिंहासनगता नित्यं*
*पद्माश्रितकरद्वया।*
*शुभदास्तु सदा देवी स्क*
*न्दमाता यशस्विनी।।*

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में ली समीक्षा बैठक

# धन एवं मादक पदार्थों के गैरकानूनी इस्तेमाल पर करें सख्ती

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव के लिए जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जिले में नौ अक्टूबर को आचार संहिता लागू होने के बाद अभी तक 12 करोड़ 40 लाख की नकदी और अन्य वस्तुएं जब्त की गई हैं। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने सभी प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिए कि विधानसभा चुनाव के लिए कार्यरत सभी टीमें पुलिस विभाग द्वारा निर्धारित चैक पोस्ट पर संयुक्त रूप से कार्यवाही करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग के अधिकारियों को विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी पर सख्ती से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किस-किस सामग्री की अचानक आपूर्ति अधिक हुई है, इसकी जानकारी रखें और अचानक आपूर्ति अधिक होने की जानकारी पुलिस विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि प्रकरण दिखाया जा सके।




### आठ बजे बाद शराब बेची तो हो कार्रवाई

बैठक में पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने निर्देश दिए कि रात 8 बजे के बाद बिक्री करने वाले शराब विक्रेताओं पर कार्यवाही करें। पुलिस विभाग के साथ में ही जिले में प्रवेश करने वाले मार्गों पर जांच कर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि चुनावी समय होने के कारण शराब ब्रिकी अधिक होने की संभावना है। इसके अलावा बाहर से भी बड़ी मात्रा में नशे की खेप आ सकती है। इसकी रोकथाम के लिए जिले की सीमाओं पर भी गहनता से जांच अभियान चलना चाहिए।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुंवर राष्ट्रदीप, चुनाव व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ के प्रभारी शेर सिंह लुहाड़िया सहित पुलिस विभाग, लीड बैंक अधिकारी, वाणिज्य कर विभाग, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग, वन विभाग, आबकारी विभाग, नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो, रेलवे पुलिस बल, एयरपोर्ट अथोरिटी ऑफ इंडिया, एसडीआरआई सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### अच्छी तरह करें जांच पड़ताल

बैठक में वाणिज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि विभाग की चार टीमें जांच कर रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि वेयर हाउस की जांच की जाए और सामग्री विशेष का अत्यधिक भंडारण होने पर इसकी सूचना पुलिस विभाग को भी दें। साथ ही उन्होंने एयरपोर्ट के माध्यम से कार्गो द्वारा आने वाली सामग्री की शत-प्रतिशत जांच कराने के निर्देश भी दिए हैं।

सीकर और अलवर में छाने लगा कोहरा, रात के पारे में भारी गिरावट

# ओलावृष्टि से मौसम का मिजाज ठंडा 3 दिन बाद फिर हो सकती है बारिश

■ राजधानी के कई इलाकों में हुई हल्की बारिश, गर्म कपड़े निकालने लगे लोग

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई बारिश और ओला वृष्टि के बाद लोगों को ठंड का एहसास होने लग गया है। मौसम की पलटी के कारण तापमान में भी गिरावट होने लग गई है। इससे लोगों ने गर्म कपड़े निकालना शुरू कर दिया है। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ओर भी तापमान में गिरावट होगी।

बुधवार को राजधानी के आसपास के इलाकों में भी हल्की बारिश हुई है। इसके अलावा अलवर और सीकर में कोहरा छाने लग गया है। वहीं, राजधानी के साथ ही अन्य इलाकों में भी तापमान में गिरावट आई है। जयपुर में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा इसके अलावा गंगानगर, जैसलमेर, चूरू समेत उत्तर-पश्चिम राजस्थान के कुछ शहरों में दिन और रात का तापमान सामान्य से 10 डिग्री तक नीचे आ गया।



### बच्चों को स्कूल जाने में हो रही परेशानी

मौसम में परिवर्तन होने के बाद बढ़ी सर्दी से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। शिक्षा विभाग के आदेश बावजूद भी कई जगहों पर सुबह जल्दी स्कूल खुलने से बच्चों को स्कूल जाना पड़ रहा है। ऐसे में मौसम में परिवर्तन से छोटे बच्चे मौसमी बिमारियों की चपेट में आ रहे है। हालांकि, बुधवार को कई स्कूलों में बच्चे विंटर यूनिफार्म पहनकर आते दिखाई दिए लेकिन दोपहर में गर्मी बढ़ने पर बच्चों को परेशानी आ रही है।

### उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी से गिर रहा तापमान

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर भारत में हुई बर्फबारी के कारण अब अगले एक-दो दिन में रात का तापमान और गिरेगा, जिससे प्रदेश में सर्दी बढ़ेगी। इसके साथ ही उत्तर-पश्चिम राज्यों में 21-22 अक्टूबर से एक नया सिस्टम एक्टिव होगा, जिससे गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, हनुमानगढ़ और चूरू जिलों के कुछ इलाकों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

### सीकर में न्यूनतम तापमान पहुंचा 14 डिग्री


मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बुधवार को बाड़मेर, जैसलमेर और अजमेर इलाके में बारिश हुई है, जिससे इन शहरों में दिन का तापमान गिरा और यहां ठंडक बढ़ी। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 28.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसी तरह श्रीगंगानगर, चूरू में भी अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। चूरू में अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 10 डिग्री सेल्सियस नीचे था। वहीं, जैसलमेर में अधिकतम तापमान भी सामान्य से 8 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। बारिश के बाद राज्य में रात का तापमान गिरा है और सीकर में न्यूनतम तापमान बीती रात 14.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यहां रात में अब लोगों को हल्के गर्म कपड़े पहनने पड़ रहे हैं। राजस्थान में इस सीजन में पहली बार तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे गया है। इसी तरह रात में गंगानगर का तापमान 16.5, हनुमानगढ़ में 16.6, सिरोही में 16, फतेहपुर में 17.2 और पिलानी में तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### 21 से फिर बदलेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक एक नया पश्चिमी विक्षोभ 21 अक्टूबर से राजस्थान के उत्तर पश्चिम एरिया में एक्टिव होगा। हालांकि, इस सिस्टम की तीव्रता कम होने के कारण इसका असर बीकानेर संभाग और जोधपुर के संभाग के कुछ जिलों में देखने को मिलेगा। इन इलाकों में 21 अक्टूबर की शाम से आसमान में बादल छा सकते हैं और अगले एक-दो दिन हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

कैट ने उठाई आवाज

# ऑफलाइन के बजाय व्यापारियों को मेनलाइन कहा जाए




**बेधड़क** | जयपुर

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने देश के व्यापारिक समुदाय के लिए 'ऑफलाइन' कहने पर गहरी आपत्ति जताई है और इसे व्यापारियों के लिए अपमानजनक शब्द बताते हुए कहा है कि ऑफलाइन का अर्थ है बाहर हो जाना या समाप्त हो जाना, जबकि देश के व्यापारी अनेक शताब्दियों से व्यापार में ही रहकर व्यापार कर रहे हैं।

ऐसे में उन्हें ऑफलाइन की संज्ञा देना उचित नहीं है। व्यापारियों को मेनलाइन (मुख्य लाइन) कहा जाना चाहिए। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि व्यापारियों के लिए ऑफलाइन शब्द का आविष्कार विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की एक भयावह साजिश है, जो खुद को ऑनलाइन और देश के व्यापारियों को ऑफलाइन कहती है। राजस्थान केट के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष गोयल व महामंत्री सुरेन्द्र बज ने कहा की ऑफलाइन शब्द देश के व्यापारिक समुदाय के अस्तित्व पर ही एक बड़ा सवाल खड़ा करता है।

कैट की इस पहल में ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन, ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन, ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन, ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन, ऑल इंडिया एडिबल ऑयल ट्रेडर्स एसोसिएशन, कंप्यूटर मीडिया डीलर्स एसोसिएशन, फेडरेशन ऑफ सहित खुदरा व्यापार के विभिन्न क्षेत्रों के अन्य राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया टी ट्रेडर्स एसोसिएशन, फेडरेशन ऑफ पेपर ट्रेडर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और कई अन्य राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय व्यापार संगठन कैट के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे।

▌ जरूरी खबर ▌

### निर्वाचन अधिकारी दे सकेंगे वोटिंग डे पर सार्वजनिक अवकाश

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार मतदान दिवस 25 नवंबर को प्रदेश के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलक्टर) को अधिकृत किया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन (ग्रुप-2) विभाग ने आदेश जारी कर जिला निर्वाचन अधिकारी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए अधिकृत किया है। साथ ही, पुनर्मतदान की स्थिति में भी जिला निर्वाचन अधिकारी संबंधित मतदान क्षेत्रों में पुनर्मतदान की तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए अधिकृत होंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

इक्यावन हजार मंदिरों में पहुंचाई जाएगी ज्योति

# रामज्योति लाने 'यात्रा' अयोध्या रवाना

**बेधड़क** | जयपुर

रामराज्य महोत्सव में रामज्योति यात्रा से दीवाली पर प्रदेश में करोड़ों दीपक प्रज्ज्वलित करने के लिए अयोध्या से रामज्योति लाई जाएगी। यात्रा में शहर के मंदिरों सहित राज्य के इक्यावन हजार मंदिरों में ज्योति पहुंचाकर लाखों परिवारों तक अखंड ज्योति वितरण किया जाएगा।

राम ज्योति यात्रा प्रमुख जगदीश पंचारिया ने बताया कि इस दीवाली पर करोड़ों दीपक प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है। अयोध्या से ज्योति लाने के लिए मुख्य केंद्र राम ज्योति यात्रा वैशाली नगर से विद्वत पंडितों ने रामज्योति यात्रा वाहन को धर्म ध्वजा दिखाकर रवाना किया। राम ज्योति यात्रा अयोध्या पहुंचकर ज्योति प्रज्ज्वलित ले कर 23 अक्टूबर को जयपुर प्रवेश करेगी। जहां से संपूर्ण राजस्थान भर के मंदिरों में राम ज्योति पहुंचाई जाएगी, जिससे दीपावली पर्व के अवसर पर हर घर में राम ज्योति से ही दीप प्रज्ज्वलित कर दीपावली पर्व मनाया जाएगा।




फोटो: राजेश कुमावत

पुलिस मुख्यालय ने जारी किए आदेश

# कांस्टेबल शारीरिक दक्षता परीक्षा स्थगित

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में पुलिस कांस्टेबल बनने वालों युवाओं को अब नए साल का इंतजार करना पड़ेगा। आचार संहिता के कारण पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2023 के अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता और मापतोल परीक्षा स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में बुधवार को पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किए हैं।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड सचिन मित्तल ने बताया कि कांस्टेबल भर्ती-2023 के 3578 पदों की भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता और मापतौल परीक्षा का आयोजन 26 से 31 अक्टूबर तक किया जाना था। विधानसभा चुनाव 2023 के कारण प्रभावी आदर्श आचार संहिता के चलते कांस्टेबल भर्ती परीक्षा को चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक के लिए स्थगित किया गया है। चुनाव बाद परीक्षा की नई तिथियों के संबंध में अभ्यर्थियों को बता दिया जाएगा।




एसआई सफल अभ्यर्थी को 25 तक जॉइनिंग के आदेश

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड सचिन मित्तल ने एक अन्य आदेश जारी पुलिस उप निरीक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2021 में सफल अभ्यर्थी 25 अक्टूबर तक राजस्थान पुलिस अकादमी में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की पहली नियुक्ति सूची 21 सितंबर और दूसरी नियुक्ति सूची 4 अक्टूबर को जारी कर चयनित अभ्यर्थियों को 13 अक्टूबर तक राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में अनिवार्य रूप से उपस्थिति देने के निर्देश जारी किए गए थे। एडीजी मित्तल ने बताया 10 अक्टूबर को विधानसभा आम चुनाव 2023 की आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कुछ चयनित अभ्यर्थी अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करवा पाए थे।


मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के दो कांग्रेसी दिग्गज भिड़े

# मुझे हराने के लिए 40 करोड़ रुपए में किया सीट का सौदा: अर्चना शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान कांग्रेस की अभी पहली सूची भी जारी नहीं हुई है, वहीं शहर की सीटों पर टिकट के दावेदारों के बीच मारामारी मच गई है। पिछले विधानसभा चुनाव में मालवीय नगर विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुकीं समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष अर्चना शर्मा ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में अपनी ही पार्टी के नेता पर 40 करोड़ रुपए में सीट का सौदा करने का आरोप लगा हड़कम्प मचा दिया है। कार्यक्रम के दौरान अर्चना शर्मा ने कहा कि उनकी पार्टी के एक नेता ने अपने प्रतिद्वंद्वी से मिलीभगत कर ली है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन मालवीय नगर में टिकट को लेकर उनके और कांग्रेस नेता राजीव अरोड़ा के बीच जो झगड़ा हुआ, वह किसी से छिपा नहीं है। अर्चना शर्मा ने कहा, मुझे जानकारी मिली है कि उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी से 40 खोखे में डील की है। उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस के सर्वे में उनके प्रतिद्वंद्वी हार रहे थे। इसलिए उन्हें लगा कि पार्टी में अपने प्रतिद्वंद्वी को नियंत्रित करना चाहिए। इसलिए उन्होंने एक होटल में विपरीत पार्टी के प्रतिद्वंद्वी के साथ बैठक की, लेकिन दीवारों के भी कान होते हैं तो दीवारों से ये बात बाहर आ गई कि 40 करोड़ रुपए में डील हुई है। उन्होंने कहा कि अब इतना बड़ा सौदा हुआ है, यह तो उन्हें ही दे दो, फिर वो क्यों चुनाव लड़ें?






### अरोड़ा का पलटवार...आरोप सिद्ध हुए तो छोड़ दूंगा राजनीति

वहीं अर्चना शर्मा का वीडियो सामने आने के बाद राजस्थान बीज निगम के अध्यक्ष और मालवीय नगर से कांग्रेस दावेदार राजीव अरोड़ा ने अर्चना शर्मा पर नाम लिए बिना एक्स पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि गंदा खेलकर आप कभी नहीं जीत सकते। कर्म ही वास्तविक है। जो बोओगे वही काटोगे। दो बार हारने के बाद भी टिकट लेने की दुर्भावना मालवीय नगर से कांग्रेस पार्टी को नुकसान पहुंचा रही है। राजीव अरोड़ा ने आगे लिखा कि मालवीय नगर विधानसभा की जनता साक्षी है कि आरोप लगाने वाली स्वघोषित प्रत्याशी के स्तर की निम्नता पर कोई और नहीं उतर सकता। लोग बताते हैं कि क्षेत्र के आम लोगों से मकान के पट्टे के नाम पर पैसे वसूले गए हैं। राजनीति से पैसा बनाने की जुगत लगाई गई है। ऐसे लोग जब किसी और पर निराधार और पूरी तरह झूठा आरोप लगाए तो यह खुद अपने मुंह पर थूकने की तरह है। उन्होंने पहले भी कहा था कि ऐसा कोई आरोप मुझ पर सिद्ध करते हो, तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। मगर आप सिद्ध नहीं कर पाई, अब आपको राजनीति छोड़ देनी चाहिए।

### कांग्रेस में मचा घमासान

गौरतलब है कि कांग्रेस के दो नेताओं अर्चना शर्मा और राजीव अरोड़ा के बीच टिकट को लेकर आपसी खींचतान किसी से छिपी नहीं है। अर्चना शर्मा समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष हैं और मंत्री का दर्जा मिला हुआ है। वे दो बार मालवीय नगर से कांग्रेस प्रत्याशी रह चुकी है और कांग्रेस की प्रवक्ता भी हैं। वहीं राजीव अरोड़ा को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खास लोगों में गिना जाता है। वे अभी आरटीडीसी चेयरमैन है। उन्होंने चुनाव के समय में ये बयान देकर कांग्रेस पार्टी के लिए ही मुसीबत खडी कर दी है।

## जरूरी खबर

### एक्सप्रेस-वे पर अंग्रेजी शराब से भरा ट्रेलर पकड़ा



अलवर। जिले की बड़ौदामेव थाना पुलिस ने विधानसभा चुनाव से पहले नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस-वे पर शीतल के समीप एक दस चक्का ट्रेलर में भरकर ले जाई जाई जा रही पंजाब निर्मित शराब बरामद की गई है। इसकी कीमत 63 लाख 81 हजार रुपए है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक अंतरराज्यीय शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। टीम द्वारा अन्तरराज्यीय शराब तस्कर राकेश (28) निवासी मोठी थाना खेरोदा जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया गया है। दस चक्का ट्रक में फर्जी नम्बर प्लेट और फर्जी बिल बिल्टी मिली।

### ट्रैक्टर से बरामद की विस्फोटक सामग्री

**देवली।** देवली थाना पुलिस ने बुधवार को एक ट्रैक्टर से विस्फोटक सामग्री बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी भंवर लाल ने बताया कि हेड कांस्टेबल बद्रीलाल, कांस्टेबल जगदीश चौधरी और रामेश्वर को चांदली रोड पर एक ट्रैक्टर में विस्फोटक सामग्री होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रैक्टर की तलाशी में कंप्रेसर मशीन के बॉक्स में 110 जिलेटिन सैल और 18 इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर ईंट मिली। पुलिस ने विस्फोटक सामग्री को बरामद कर ट्रैक्टर चालक परमेश्वर जाट निवासी बिजवाड़ को गिरफ्तार कर लिया है।

### गरबा नृत्य का छाया जादू, भजनों की बही बयार



**टोंक।** प्रेरणा ग्रुप ऑफ टोंक की ओर से गरबा नाइट का आयोजन कंकाली माता स्थित एक विवाह स्थल में किया गया। संयोजिका रेखा जाजू ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज बंसल, कंचन गोवर्धन हीरोनी एवं निधि मोहित टेलर रही। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। प्रेरणा ग्रुप एवं कोरियोग्राफर चीनू पारीक की ओर से आयोजित गरबा वर्कशॉप की प्रस्तुति दी गई। महिलाओं ने गुजराती एवं राजस्थानी गानों पर नोन स्टॉप डांस किया। इस दौरान तीन लक्की ड्रा विजेताओं को भी उपहार भेंट किए गए।

---

**कंधे पर सांप को बिठा गांव में घूमी महिला,** सांप को नहीं मारने के लिए लोगों के हाथ जोड़े

# सांप को लोग मारने आए तो कहा- 'बेटे का हुआ है पुनर्जन्म'

बेधड़क | कोटा

जिले में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान है। यह अनोखा मामला कोटा के सांगोद कस्बे का है। यहां ग्रामीणों ने एक महिला के घर में सांप घुसते देखा। जब लोग सांप को मारने के लिए घर में पहुंचे तो महिला वहां आ गई और सांप को मारने से मना कर दिया।

जब ग्रामीणों ने कारण पूछा तो महिला का जवाब सुनकर हर कोई सकते में आ गया। महिला ने लोगों को बताया कि वह सांप उसका मरा हुआ बेटा है, जिसका अब पुनर्जन्म हुआ है। महिला की बातें सुनकर वहां खड़ा हर कोई शख्स हैरान रह गया।



लोगों ने बताया कि जब उन्होंने एक घर में सांप को घुसते हुए देखा तो उसे मारने पहुंचे। इसी दौरान बादाई बाई वहां आ गईं और उन्होंने सांप को मारने से मना कर दिया। महिला ने वहां मौजूद सांप के हाथ जोड़े और कहा कि यदि वह देवता है तो रुक जाए, नहीं तो घर से बाहर चला जाए। जब सांप अपनी जगह से नहीं हिला तो महिला उसके पास जाकर हाथ जोड़कर बैठ गई और उसे अपने बेटे का पुनर्जन्म बताया। इसके बाद सांप महिला की गोद में आकर बैठ गया। फिर थोड़ी देर बाद पत्थरों के पीछे चला गया।

### सांप ने एक बार भी नहीं पहुंचाया नुकसान

वृद्ध महिला सांप को कंधे पर लेकर गांव में घूमती रही। महिला का मानना है कि सांप के रूप में उसके बेटे का पुनर्जन्म है। हैरानी की बात यह कि पूरे गांव में घूमने के दौरान सांप ने एक बार भी महिला को नुकसान नहीं पहुंचाया। वह चुपचाप उसके कंधे पर बैठा रहा। महिला के एक बेटे राजू लाल ने बताया कि 18 साल पहले उसके बड़े भाई हंसराज की परवन नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई थी। ऐसे में इस चमत्कार के बाद कहीं न कहीं परिजनों में यह विश्वास हुआ कि सांप के रूप में हंसराज का पुनर्जन्म हुआ है। इसके बाद यह दृश्य देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ भी जमा हो गई। वहीं महिला ने सांप को चबूतरे पर कपड़ा बिछाकर छोड़ दिया। इसके साथ ही महिला और परिजनों ने सांप के ऊपर सफेद निशान बना दिए, ताकि लोग उसे मारें नहीं।

### स्नेक कैचर ने बताई सांप के हमला नहीं करने की वजह

महिला के कंधे पर सांप को लेकर घूमते हुए का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद जानकारी के लिए स्नेक कैचर विष्णु श्रृंगी से संपर्क किया गया। वीडियो और फोटो देखने के बाद स्नेक कैचर ने कहा कि यह सांप कोबरा प्रजाति का है। वीडियो देखने से लगता है कि यह किसी सपेरे द्वारा छोड़ा गया सांप है। इसके मुंह में विष ग्रंथी निकली हुई है या फिर सांप का मुंह किसी चीज से टकराने से चोटिल हो गया है। इसकी वजह से उसने महिला को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। वहीं सांप को महिला की ओर से अपना मरा हुआ बेटा बताने की इलाके में चर्चा है।

---

**रोहित गोदारा के नाम से** फिरौती वसूलने वाली गैंग ने किया खुलासा

# युवाओं को बड़े-बड़े सपने दिखा धकेलते थे अपराध की राह पर

बेधड़क | सीकर

जिला पुलिस ने एक ऐसी गैंग पकड़ी है जो युवाओं और नाबालिगों को महंगे शौक और हाईफाई जिंदगी का सपना दिखाकर अपराध की राह पर धकेलती है। इसके लिए अपराधी किराये पर महंगी कारें लाकर युवाओं को घुमाने फिराने के साथ ही मौज-मस्ती कराते हैं। इसके बाद युवाओं को गैंग में शामिल कर उन्हें हथियार चलाने की ट्रेनिंग तक दी जाती है।

पुलिस ने रोहित गोदारा के नाम से 5 लाख की फिरौती मांगने के मामले में बुधवार को गैंग के शातिरों को धर-दबोचा। इसके बाद पुलिस ने मामले में कई खुलासे किए। पुलिस ने बताया कि गैंग के मास्टरमाइंड किराए पर महंगी गाड़ियां लेकर नाबालिगों और युवकों को अपने जाल में फंसाते हैं और बाद में हथियार चलाने की ट्रेनिंग देकर अपराध की राह पर धकेल देते थे। पुलिस ने बताया कि सीकर के रहने वाले अक्षत भास्कर ने 13 अक्टूबर को उधोग नगर पुलिस थाना में दी रिपोर्ट में बताया था कि वह टिफिन सेंटर और गाड़ियां किराए पर देने का काम करता है। उसके पास एक थार गाड़ी है, जिसे भी वह किराए पर देता है। गत 10 अक्टूबर की सुबह करीब सवा 10 बजे अक्षत के पास एक बाइक पर चार लड़के आए जिन्होंने अक्षत को कहा कि उन्हें थार गाड़ी 2 दिन के लिए रेंट पर चाहिए। ऐसे में जब अक्षत ने उनसे ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड मांगे तो उन चारों लड़कों में से सुनील ने अपना ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड अक्षत को दे दिया। सुनील के साथ आए चंद्रपाल ने कहा कि गाड़ी रेंट पर वह ले रहा है। सुनील तो हमारे साथ ड्राइवर बनकर जा रहा है। जब अक्षत ने अपने जानकारों से चंद्रपाल के बारे में पता किया तो सामने आया कि वह सीकर के ही झीगर छोटी गांव का रहने वाला है। अक्षत ने गाड़ी का किराया 6250 रुपए प्रतिदिन और 3 हजार रुपए सिक्योरिटी के बताए। सुनील, चंद्रपाल के साथ अमित और शिवपाल भी मौजूद थे। उन्होंने अक्षत को 15500 रुपए दे दिए।



### गाड़ी वापस मांगी तो मिली धमकी

अक्षत चारों लड़के थार गाड़ी किराये पर ले गए। अक्षत ने अपनी गाड़ी में जीपीएस भी लगवाया था, लेकिन 11 अक्टूबर के बाद से वह बंद आ रहा है। 12 अक्टूबर को जब गाड़ी लेने के लिए अक्षत ने चंद्रपाल को फोन किया तो उसने अक्षत को धोद रोड पर बुलाया, लेकिन वहां गाड़ी नहीं आई। चंद्रपाल ने इंस्टाग्राम पर अक्षत की करतार सिंह नाम के युवक से बात करवाई। उसने अक्षत को कहा कि अब कोई गाड़ी नहीं मिलेगी, गाड़ी को भूल जा। हम रोहित गोदारा के आदमी हैं। तूने गाड़ियां किराए पर देकर बहुत पैसे कमाए हैं अब 5 लाख रुपए हमें दे नही तो तुझे जान से मार देंगे।

### बदमाशों को सिम देने वाले भी पकड़े

पुलिस ने गैंग के सदस्यों को फर्जी दस्तावेजों पर सिम कार्ड लेकर उपलब्ध कराने वाले 2 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। सीकर के रहने वाले 2 आरोपी जुबेर बहलीम (23) व यश स्वामी (23) गैंग के सदस्यों को सिम कार्ड उपलब्ध कराते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी जुबेर सीकर बीएसएनएल ऑफिस में संविदा कर्मी के रूप में काम करता है। ऑफिस में जब कोई ग्राहक नई सिम लेने के लिए आता तो जुबेर उनके डॉक्यूमेंट लेकर रख लेता और उनसे बाद में और सिम कार्ड ले लेता। ये सिम कार्ड जुबेर गैंगस्टरों को महंगे दामों पर बेच देता था। गैंगस्टर तक सिम पहुंचाने में यश स्वामी भी जुबेर की मदद करता था।

### स्पेशल टीम ने आरोपियों को दबोचा

पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए स्पेशल टीम का गठन किया। इसके बाद बुधवार को पुलिस ने गैंग के 5 सदस्यों सहित 2 नाबालिगों को गिरफ्तार कर निरुद्ध किया। पकड़े गए आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना कबूल किया है। पुलिस आरोपियों से थार गाड़ी बरामद करने के लिए पूछताछ कर रही है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान करतार सिंह (18) निवासी रतनगढ़ चूरू, योगेश (24) निवासी महेंद्रगढ़ हरियाणा, राकेश (26) झुंझुनू, सुनील कुमार (20) व प्रकाश (20) धोद सीकर के रुप में हुई है।

---

**293 किलो है** चांदी का वजन

# बस में मिली 2.22 करोड़ की चांदी की सिल्लियां, 4 लोग धरे



बेधड़क | भीलवाड़ा

राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर लागू हुई आचार संहिता के बीच भीलवाड़ा जिले की प्रतापनगर पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान एक निजी ट्रेवल्स बस की डिग्गी से 293.38 किलोग्राम चांदी की सिल्लियां जब्त की गई। जब्त चांदी की सिल्लियों की अनुमानित कीमत करीब 2.22 करोड़ रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने इस मामले में दो बस चालकों समेत चार लोगों को हिरासत में लेते हुए बस को जब्त कर लिया है। पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने बताया कि प्रताप नगर थाना क्षेत्र के लैंडमार्क होटल के पास श्रीनाथ ट्रेवल्स की बस खड़ी थी। मुखबिर की सूचना पर बस की तलाशी ली गई तो बस की डिग्गी में रखे 25 पार्सल में 238.38 किलो चांदी की सिल्लियां जब्त की गई हैं। उन्होंने बताया कि जब्त चांदी की सिल्लियों की बाजार में कीमत 2.22 करोड़ रुपए है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने बस चालक मेहसाना गुजरात निवासी अनिल कुमार, हिम्मत नगर गुजरात निवासी फिरोज खान को हिरासत में लिया है। साथ ही कुरियर बॉय भीलवाड़ा के संजय कॉलोनी निवासी छोटू परमार और दीपू सिकरवार को भी हिरासत में लिया है। छोटू परमार और दीपू सिकरवार मूल रूप से आगरा उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। एसपी ने बताया कि भारी मात्रा में जब्त चांदी की सूचना वाणिज्य कर व आयकर विभाग को दी गई। वहीं आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर रही है।

---

**सड़क पर अचानक** गाय के आने से हुआ हादसा

# ट्रैक्टर से भिड़ी बाइक, 3 युवकों की मौत

बेधड़क | मालपुरा

मालपुरा थाना क्षेत्र में टोरड़ी और अंबापुरा के बीच मध्य रात बाद सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। जबकि इनका एक नाबालिग साथी घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मालपुरा अस्पताल पहुंचाया, जहां तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि ये चारों बाइक सवार मजदूरी काम करते थे। मंगलवार देर रात ट्रैक्टर-ट्रॉली में मूंगफली का चारा भरवाकर बाइक से उसके पीछे आ रहे थे। एस दौरान ट्रैक्टर के आगे अचानक गाय आने से चालक ने ब्रेक लगा दिए। इसके चलते बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे से टकरा गई। उधर हादसे की सूचना मिलने के बाद मृतको के घरों में कोहराम मच गया।



बुधवार सुबह गांव में भी माहौल गमगीन हो गया। मालपुरा थाना प्रभारी भागीरथ सिंह ने बताया कि टोरड़ी निवासी शंकर (22) पुत्र गोपाल कहार, अजय(19) पुत्र पप्पू कहार, गणेश (20) पुत्र नोरत कहार व भवानी शंकर (15) पुत्र कालू कहार बाइक पर सवार थे जो ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे चल रहे थे। सड़क पर गाय आने से ट्रैक्टर चालक ने अचानक से ब्रेक लगा दिए। इसके चलते बाइक पीछे से भिड़ गई। हादसे में शंकर, अजय और गणेश की मौत हो गई वहीं भवानी शंकर की इलाज जारी है।

### बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत

मोर थाना क्षेत्र के गोपालपुरा में बुधवार को बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मृतक के पिता ने बाइक चालक के खिलाफ पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है। मृतक के पिता गोपालपुरा निवासी रामस्वरूप बैरवा ने बताया कि उसका पुत्र राजाराम बैरवा सब्जी बेचने का काम करता था। वह प्रतिदिन की तरह 18 अक्टूबर को भी सुबह 7 बजे घर से बावड़ी गांव की ओर गया था। बावडी से कुछ दूर पहले पहुंचा ही था कि सामने से एक बाइक सवार तेजी से आया और राजाराम की बाइक को टक्कर मार दी। घायल हुए राजाराम को राहगीर धारासिंह बैरवा व सीताराम बैरवा निवासी गोपालपुरा ने संभाला और पुलिस को सूचना दी।

---

**चतुर्दशी पर खोला गया था भंडार,** तीन चरणों में हुई गिनती

# सांवलिया सेठ के भंडार से निकला 7.69 करोड़ रुपए का चढ़ावा

बेधड़क | चित्तौड़गढ़

मेवाड़ के आराध्य देव के रूप में पूजे जाने वाले प्रभु सांवलिया सेठ मंदिर के भंडार से निकली राशि की गिनती पूरी हो गई है। तीसरे राउंड में हुई गिनती में मंदिर के दानपात्र से 93 लाख 73 हजार 337 रुपए की राशि मिली।

बता दें कि अब तक सांवलिया सेठ के भंडार से 7 करोड़ 69 लाख 66 हजार 837 रुपयों की गिनती हो चुकी है। भंडार और ऑनलाइन को मिलाकर इस महीने आठ करोड़ 77 लाख 47 हजार 837 रुपए प्राप्त हुए। चढ़ावे में शामिल सोने-चांदी का भी वजन कराया गया। गौरतलब है कि मंडफिया स्थित कृष्णधाम श्रीसांवलिया जी मंदिर में तीन माह में चतुर्दशी पर भंडार खोला जाता है। इस बार 13 अक्टूबर को कृष्ण चतुर्दशी पर की गई गिनती में सवा पांच करोड़ रुपए की काउंटिंग हुई थी। इसके बाद 16 अक्टूबर को एक करोड़ 50 लाख 69 हजार 500 रुपयों की गिनती की गई थी।



### चढ़ावे में मिले सोने चांदी का हुआ तोल

सांवरिया सेठ के भंडार से अब तक 80 ग्राम सोना और सात किलो 280 ग्राम चांदी मिल चुकी है। इसके अलावा कई भक्त ऑफिस में भी सोना चांदी जमा करवाते है। ऑफिस में भक्तों द्वारा चार किलो 437 ग्राम 870 मिलीग्राम सोना, 40 किलो 384 ग्राम चांदी जमा करवाई गई थी। इसके अलावा भक्तों ने एक करोड़ 7 लाख 81 हजार रुपए ऑनलाइन और मनी ऑर्डर से रुपए जमा करवा चुके हैं। इस महीने 8 करोड़ 77 लाख 47 हजार 837 रुपए प्राप्त हुए।

---

**चुनाव व्यवस्थाओं से कराया अवगत**

# जरूरी सेवाओं में तैनात मतदाताओं के लिए रहेगी डाक मतपत्र की व्यवस्था

बेधड़क | टोंक

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) कपिल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को विधानसभा चुनाव-2023 को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। एसडीएम ने बताया कि अनिवार्य सेवाओं में तैनात अनुपस्थित मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की व्यवस्था की गई है।



उन्हें नोडल अधिकारी फार्म-12 डी का वितरण करेंगे। मतपत्र के लिए 20 अक्टूबर से 4 नवंबर तक फार्म वितरण एवं 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक फार्म प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 40 प्रतिशत से अधिक विकलांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे मतदाता जो मतदान केंद्र तक पहुंचने में असमर्थ हैं उन मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि पात्र मतदाताओं के लिए बीएलओ की ओर से फार्म-12 डी का वितरण किया जाएगा एवं 4 नवंबर तक मतदाता की ओर से इस फार्म को भरकर बीएलओ को प्रस्तुत करना है।

बीएलओ की ओर से सभी पात्र एवी-पीबी मतदाताओं को इस संबंध में जानकारी देगा तथा महत्वपूर्ण तिथियों से अवगत कराएगा। सभी पात्र एवी-पीबी मतदाताओं के मतदान के लिए 14 से 21 नवंबर की तिथि निर्धारित की गई है। बैठक में एसडीएम ने पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद को आदर्श आचार संहिता के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था की पालना कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने सहित सी-विजिल ऐप के बारे में जानकारी दी गई।

बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्हें एवी-बीपी और एवीईएस के संबंध में जारी कलेंडर की महत्वपूर्ण तिथियां, आदर्श आचार संहिता की पालना एवं सी-विजिल ऐप के संबंध में जानकारी दी गई।

### मदरसों के बच्चों ने भी किया जागरूक



जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. ओमप्रकाश बैरवा के निर्देशानुसार विधानसभा चुनाव-2023 के तहत मदरसों में भी स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नितेश कुमार जैन ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिले में संचालित मदरसों में कार्यरत सदर, सचिव, शिक्षा अनुदेशक, कम्प्यूटर अनुदेशकों एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों ने मेहंदी प्रतियोगिता, पेंटिंग, रंगोली एवं सेल्फी पॉइंट प्रतियोगिता सहित हस्ताक्षर अभियान के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया।

### मानव श्रृंखला बनाकर दिया संदेश




स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा के खेल प्रांगण में छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला से 'माय वोट माय राइट मालपुरा' बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी मालपुरा मनोज कुमार वर्मा, स्वीप प्रभारी (विकास अधिकारी) सतपाल कुमावत, जयनारायण जाट, उप प्रधानाचार्य जगदीश लाल गुर्जर, बाबूलाल यादव, श्रवण लाल, कपिल जांगिड व अन्य कार्मिक मौजूद रहे।





**चुनावी पोळ**

करड़ो-करड़ो बोलै जादूगर,
भाईसाब बेचैन।
आवण नै तैयार बहन जी,
छीन बा कुण रो चैन।।
गजानन

**सीधे फील्ड से** | मारवाड़ के विकास के लिए लंबे समय से चल रही अलग प्रदेश की मांग

# नए जिलों की तर्ज पर चुनावी मुद्दा बन सकता है मरु प्रदेश!

यमुना शंकर सोनी | बेधड़क

**जोधपुर।** राजस्थान देश का सबसे बड़ा प्रदेश है और हाल में नए जिलों की घोषणा के बाद राज्य में 53 जिले और दस संभाग हो चुके हैं। यह सब गुड गवर्नेंस और लोगों की सुविधा के नाम पर किया गया है। प्रशासन तक आम लोगों की पहुंच आसान बनाने के लिहाज से राज्य सरकार का यह दृष्टिकोण सही भी है। क्या इसी दृष्टिकोण का अगला विस्तार प्रदेश के विभाजन तक जा सकता है? यह सवाल अरसे से खदबदा रहा है।


यह मांग नई नहीं है। दशकों पहले न्यायाधीश और सांसद रह चुके गुमानमल लोढ़ा भी इसकी पैरवी करने वालों में शामिल थे। सरकार की तरफ से सबसे ताजा वक्तव्य यह है कि "छोटे राज्य और छोटे जिले बनेंगे तो विकास जल्द होता है। गुड गवर्नेंस रहती है। जनता को भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।'' विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद मारवाड़ में हुई कुछ सभाओं में भाजपा के कुछ नेता कह चुके हैं कि सिर्फ जिले बढाने से काम नहीं चलेगा। अब मरु प्रदेश की मांग को व्यावहारिक रूप दिया जाना चाहिए। तभी मारवाड़ क्षेत्र का संपूर्ण विकास हो सकता है। ऐसा कहने वालों में राज्यसभा सदस्य राजेंद्र गहलोत, पूर्व सांसद पुष्प जैन और पूर्व राजस्व मंत्री रामनारायण डूडी भी शामिल हैं। सवाल यह है कि क्या यह चुनाव का मुद्दा बन सकता है। डूडी का मानना है कि भौगोलिक दृष्टि से देश के सबसे बड़े राज्य का चौमुखी विकास निश्चित रूप चुनौती है। सरकार-प्रशासन और जनता के बीच दूरी बहुत ज्यादा होती है। इस दूरी को पाटने के लिए जैसे नए जिले बनाए गए उसी तरह नया राज्य बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि राज्य के विभाजन और राज्यों के कुछ हिस्सों को आपस में बदलने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। इसके लिए राज्य पुनर्गठन आयोग बनाने या राज्य सरकारों की स्वीकृति की भी जरूरत नहीं, केंद्र सरकार की मंशा सर्वोपरि है। डूडी राज्यसभा सांसद रहने के दौरान सम्भावित मरु प्रदेश के लिए एक प्रस्ताव प्रधानमंत्री कार्यालय में दे चुके हैं।

### सेना व समिति लगातार कर रही हैं आंदोलन

नए प्रदेश की मांग को मरु सेना और मरु प्रदेश निर्माण मोर्चा समिति जैसे संगठन मुखरता से आगे बढ़ा रहे हैं। मरु सेना अध्यक्ष जयंत मुंड उदयपुरवाटी अलग प्रदेश बनाने के साथ 33 मांगों को लेकर यात्रा निकालने की बात कहते हैं। मूंड के अनुसार राजस्थान दुनिया के 110 देशों से बड़ा है। यहां की अरावली पर्वतमाला पूर्वी राजस्थान व पश्चिमी राजस्थान को भौगोलिक, सांस्कृतिक, रहन-सहन, पहनावे, जलवायु, भाषा, विकास व आर्थिक आधार पर विभाजित करती है। संघर्ष समिति इस मांग को लेकर महायात्रा निकाल चुकी है। समिति की ओर से राजधानी में धरना-प्रदर्शन भी किए जा चुके हैं।

## मरुप्रदेश

- दुनियां का 09 वां गर्म भूभाग
- देश का 14.65% खनिज उत्पादन
- देश का 27% तेल/गैस उत्पादक .
- 20 जिलों को मिलाकर मरुप्रदेश




- क्षेत्रफल - 2,13,883 वर्ग किमी.
- जनसँख्या - 2,85,65,500
- साक्षरता दर 63.80%
- गरीबी-68.85 लाख
- शिक्षित बेरोजगार - 10 लाख
- प्रति व्यक्ति आय 252 ₹

### ये है कल्पना

नए प्रदेश की मांग करने वाले संगठन चाहते हैं कि जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, पाली, जालौर, सांचौर, सिरोही, नागौर, जैसलमेर, फलोदी, बाड़मेर, बालोतरा, डीडवाना-कुचामन, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, अनूपगढ़, चूरू, झुंझुनू, नीमकाथाना, सीकर को मिलाकर नया प्रदेश बनाया जाए।

### अभी ये विसंगतियां

नए प्रदेश के लिए यात्रा के संयोजक मनिंदरसिंह मान के अनुसार मरु प्रदेश के 20 जिलों में देश का 27 प्रतिशत तेल, सबसे महंगी गैस, खनिज पदार्थ, कोयला, यूरेनियम, सिलिका का एकाधिकार है। एशिया का सबसे बड़ा सोलर पॉवर प्लांट और पवन चक्कियों से बिजली प्रोडक्शन किया जा रहा है। इन जिलों से अरबों रुपए की रॉयल्टी सरकार कमा रही है। लेकिन इन जिलों में पीने का पानी, रोजगार, बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा, सैनिक स्कूल हॉट स्पॉट, खेतों को नहरों का पानी जैसी समस्याओं से आम जनता परेशान है। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में रहने वालों की औसत आय राज्य के अन्य जिलों से कम है। मरु प्रदेश की मांग को आगे बढ़ा रहे भाजपा नेताओं को जी20 के बाद बुलाए गए संसद के विशेष सत्र से उम्मीद जगी थी। सत्र से पहले दिल्ली के उच्च अधिकारियों ने मरु प्रदेश से संबंधित फाइलें मंगवाई थी। तब लगा था कि पीएम नरेंद्र मोदी नए प्रदेश की घोषणा कर सबको चौंका सकते हैं।

### वरदान साबित हो सकता है मरु प्रदेश

भूगोलवेत्ता डॉ. नरपतसिंह राठौड़ का मानना है कि संविधान के अनुच्छेद 3 में राज्यों के पुनर्गठन की प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लेख है। राज्य के जनप्रतिनिधियों की मांग को केंद्र सरकार गंभीरता से ले तो प्रस्तावित मरु प्रदेश वरदान साबित होगा। इससे नए प्रदेश के हिस्से में पर्याप्त संसाधन आएंगे बल्कि छोटा भौगोलिक क्षेत्र होने के कारण इसके विकास पर ज्यादा ध्यान दिया जा सकेगा। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, उद्योग धंधों का भी विकास होगा। सरकार और प्रशासन की जनता से निकटता बढ़ेगी।

### ये हैं मरु प्रदेश से जुड़ी अन्य मांगें

■ 50 जिलों को एमएसपी की गारंटी का कानून ■ टोल मुक्त राज्य ■ आम उपभोक्ताओं को 300 यूनिट और किसानों को मुफ्त बिजली ■ आम आदमी को आत्मरक्षा के लिए हथियार लाइसेंस जारी किए जाएं ■ सैनिक परिवार को सुरक्षा की गारंटी कानून बनाया जाए ■ किसानों को जमीन का मालिकाना हक ■ बुजुर्गों को 3 हजार रुपए प्रतिमाह बुढ़ापा पेंशन -बेरोजगारों को 10 हजार रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता ■ बजरी और खनिज माफिया के खिलाफ टाडा जैसे कानून ■ लड़कियों को पीएचडी तक मुफ्त शिक्षा ■ शेखावाटी नहर की घोषणा

### मरु प्रदेश बना तो ऐसा होगा

- देश का 27 प्रतिशत तेल/गैस उत्पादक
- क्षेत्रफल 2,13,883 वर्ग किमी.
- दुनिया का 9वां बड़ा भूभाग
- देश का 14.65 प्रतिशत खनिज उत्पादन
- जनसंख्या अनुमानित 2,85,65,500
- साक्षरता दर 63.80 प्रतिशत
- गरीबी 68.85 प्रतिशत
- शिक्षित बेरोजगार अनुमानित 10 लाख
- प्रति व्यक्ति आय करीब 252 रुपए




**बिहाइंड द कर्टेन**

## आग लगाने में भाइयों के साथ बहनें भी

फूल वाली पार्टी पहली सूची के बाद हुई बगावत के बाद सकेत में आ गई है। अनुशासन के साथ कदम ताल करने वाली पार्टी में यकायक हुई बगावत ने बड़े भाईसाहबों को हिला कर रख दिया। हिलने से नींद टूटी तो बगावत की खोजबीन शुरु हुई। सामने आया कि आग लगाने में भाइयों के साथ बहनजी की लॉबी भी पूरी तरह सक्रिय है। सबूत एकत्र होकर दिल्ली दरबार तक पहुंच गए हैं। अब बड़े भाई साहबों ने फरमान जारी किया है कि जिसके लिए जो टिकट मांग रहा था उसे चुप करवाने का जिम्मा इसका। दूसरी सूची को भी रोक दिया गया है। क्योंकि पहले आग लगने वाले सारे कनेक्शन काटे जाएंगे। इसके बाद दूसरी सूची को बाहर किया जाएगा। इधर हाथ वाली पार्टी में भी टिकट की रणनीति में बदलाव किया गया है। पार्टी के भाई लोग फूल वाली पार्टी के कुछ नेताओं पर डोरे डाल रहे है। इस लिए फूल वाली सूची का इंतजार किया जा रहा है। फूल वाले भाइयों को इसकी भनक लगी तो कर्नाटक से दिल्ली के रास्ते प्रदेश में आकर जाजम बिछाने वाले भाईसाहब ने भी ऐलान कर दिया पहले हाथ वालों की फिर हमारी सूची। इधर पहले आप पहले आप में संभावितों में इंतजार बढ़ने से बैचेनी भी बढ़ रही है। ■ यायावर

**ई वॉर**




**थड़ी पॉलीटिक्स**

## इसका नाम राजनीति है, इसमें सब जायज है

**स्थान** जूस सेंटर सांगानेर, जयपुर | **समय** दोपहर 3 बजे

एक दिन और बीत गया पर सूचियों का इंतजार खत्म नहीं हुआ। चुनावी माहौल में जो मसाला दोनों में से किसी भी पार्टी की सूची आने के साथ डलना था, और आगे खिसक गया। पार्टियों के कार्यकर्ताओं के साथ ही आम लोगों के बीच भी सस्पेंस का माहौल है कि किसकी वापसी होगी, किसका पत्ता कटेगा, कौन पुरानी जगह से उछलकर नई जगह पकड़ेगा और किसको आश्वासन की लॉलीपॉप मिलेगी। खैर, सस्पेंस अपनी जगह है पर चुनावी चटकारों का दौर लगातार जारी है। शहर में गली-गली, सड़क-सड़क बिखरे ठीयों पर चलने वाली चर्चाओं से निकलने वाले चुनावी आकलन का जायजा लेने हम पहुंचे सांगानेर स्थित एक जूस सेंटर पर। यहां जूस की चुस्कियों के साथ सर्द होते मौसम को ठेंगा दिखाती मंडलियों के बीच चल रही चर्चाओं पर कान लगाए तो एक मंडली से आवाज आई-"देख लो, फिर छापेमारी शुरू हो गई है, जैसे ही कहीं चुनाव आते हैं, ये शुरू हो जाते हैं। जहां माल दिखता है, उसी को जब्त करना शुरू। इनको अपने लोग तो बिल्कुल साफ सुथरे नजर आते हैं, दूसरे भ्रष्ट दिखते हैं।" एक ओर से आवाज आई तो जवाब आया- "चुनाव के मौसम में तो ये ही चलेगा भाई। इसी टाइम में तो सारी काली कमाई सैटल होने के लिए बाहर निकल रही है। और जिसको दिक्कत है वो तो कार्रवाई ना करो तो बोलेगा मिले हुए हैं। ये छापेमारी कोई नई तो है नहीं, पहले भी होती रही है। और सबसे बड़ी बात जो भ्रष्टाचार करे उसे सजा मिलनी चाहिए बस।" इसी जवाब के समर्थन में तीसरी आवाज आती है-" देखो, हर पार्टी चुनाव जीतने के लिए ही लड़ती है। राजनीति भी एक युद्ध ही है और इसमें सब जायज है आजकल। तुम्हारे जादूगर साब भी जितना जोर चल रहा है वो चला ही रहे हैं। राजनीति में सब चलता है भाई। इसलिए किसी को दोष मत दो।" इस सपाट संदेश पर चौथी आवाज उठती है-"भाई, सही बात ये है कि जिन पर छापे पड़ रहे हैं, उनके हाथ में पावर होगा तो वो भी यही करेंगे। और तुमने उनके मुंह से कभी भी अपने लोगों की गड़बड़ के खिलाफ एक शब्द भी सुना क्या।" बात ठीक थी। जूस भी खत्म हो गए थे तो यह सभा यहीं समाप्त हुई।



**पॉली क्लिक्स**

चुनावी माहौल के बीच इस बार प्रचार के कई नए हथकंडे ट्रेंड में हैं। भाजपा की परिवर्तन यात्रा में यूपी मॉडल की वकालत करते बुलडोजरों ने जगह बनाई तो हनुमान बेनीवाल की रैली में जेसीबी मशीनों का उपयोग फूल बरसाने के लिए किया जा रहा है। रैली में यह नया तरीका चर्चा का विषय बना हुआ है।

**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से**



■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

# कलक्टर ने चेताया तो सरदार बूटासिंह ने लगाई थी अपने बेटे को फटकार

लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव की निगरानी के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने पर्यवेक्षक नियुक्त करने की व्यवस्था आरम्भ की थी। ये पर्यवेक्षक लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र का दौरा करते हुए आयोग के निर्देशों की अनुपालना का उत्तरदायित्व निभाते हैं। पिछले कुछ वर्षों से आयोग द्वारा चुनाव व्यय के लिए निर्धारित राशि की सीमा के संदर्भ में चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के खर्चे पर निगरानी रखने के लिए अलग से पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने लगे हैं। इन पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर चुनाव प्रक्रिया से संबंधित शिकायतों का निष्पादन किया जाता है। चुनाव से पहले पर्यवेक्षकों की सूची तैयार की जाती है। यह परम्परा रही है कि चुनाव वाले राज्य में अन्य राज्य कैडर के वरिष्ठ अधिकारियों की पर्यवेक्षक के रूप के नियुक्ति की जाती है। ऐसे भी उदाहरण सामने आए हैं कि किसी पर्यवेक्षक के अपने निर्धारित क्षेत्र में किन्ही कारणों से नहीं जाने पर अन्य पर्यवेक्षक लगाने की परिस्थिति उत्पन्न हो जाती है तो यह भी देखने में आया है कि किसी घटना या प्रसंग में पर्यवेक्षक को वापस बुलाने की भी नौबत आ जाती है। तो आइए राजस्थान से जुड़े एक प्रसंग की चर्चा करें जब एक पर्यवेक्षक को शिकायतों के चलते चुनाव प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही वापस बुलाया गया। लोकसभा के जालोर सिरोही निर्वाचन क्षेत्र की यह घटना है। वर्ष था 2009 जब पूर्व केन्द्रीय मंत्री बूटासिंह कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर बतौर निर्दलीय इंजन चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में थे। उनका मुकाबला भाजपा के देवजी पटेल से था।



पंजाब में आतंकवाद के दौर में बलराम जाखड़, बूटा सिंह और चौधरी देवीलाल जैसे नेताओं ने चुनाव लड़ने के लिए राजस्थान में दस्तक दी थी। सरदार बूटासिंह ने जालोर सिरोही का कई बार प्रतिनिधित्व किया था। इसलिए उनके परिवारजन और समर्थक प्रशासन पर अपने दबदबे को स्वाभाविक अधिकार मानते थे। लेकिन वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव की तस्वीर अलग थी। इस बार बूटासिंह निर्दलीय प्रत्याशी थे। जालोर में जिला कलक्टर श्यामसुंदर बिस्सा जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। बिस्सा जेल सेवा के देश में संभवतया पहले अधिकारी थे जो आईएएस बने। जालोर सिरोही संसदीय क्षेत्र में पी रमेश सिरोही के जिला कलक्टर थे। सरदार बूटा सिंह को जिला जालोर जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करना था। यही से खटपट शुरू हो गई। लवाजमे के साथ नामांकन पत्र भरने पहुंचे बूटासिंह के साथियों को नियमों की पालना की हिदायत दी गई। बूटासिंह के पुत्र और उनके साथी टस से मस नहीं हुए तो बिस्सा ने कहा कि आप सोच लीजिए किसका नुकसान हो सकता है। यह सुनते ही बूटासिंह गंभीर हुए और उन्होंने बेटे को बुरी तरह फटकार लगाई और जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष से बाहर निकाला।

### पर्यवेक्षक को बुला लिया था वापस

चुनाव खर्चों पर निगरानी के लिए बूटासिंह के समुदाय से जुड़े एक पर्यवेक्षक को जालोर सिरोही संसदीय क्षेत्र में तैनात किया गया। बूटासिंह के परिवारजनों से सहानुभूति और कई अनियमितताओं की अनदेखी, अपने निर्वाचन क्षेत्र से अन्यन्त्र घूमने जाने, सामान की खरीद की भरपाई के प्रयास, सिरोही जिले के वरिष्ठ अधिकारी से अनबन आदि शिकायत सामने आई। निर्वाचन विभाग के सूत्रों के अनुसार शिकायतें मिलने पर पर्यवेक्षक को वापस बुलाया गया।

### 'छपरी बाबा' के नाम से मशहूर थे कलक्टर बिस्सा

बूंदी में जिला कलक्टर बनाए जाने पर बिस्सा ने अपने चैम्बर से बाहर खुले में समाधान छपरी बनवाकर आम जनता की सुनवाई का अनूठा प्रयोग किया। तब वे छपरी बाबा नाम से लोकप्रिय हुए। जालोर में यही प्रयोग दोहराने पर कुछ विधायकों ने ऐतराज किया कि आचार संहिता लगने पर यह उचित नहीं है। दरअसल ये जनप्रतिनिधि अपने इलाके के लोगों को जिला कलक्टर से मिलवाकर अपनी शान और लोकप्रियता बनाए रखने के अभ्यस्त थे। पर जिला कलक्टर ने सीधे ही जनता से मिलने की व्यवस्था कर दी। संसदीय क्षेत्र में कारगर निर्वाचन व्यवस्था कर बिस्सा ने सभी को निरुत्तर कर दिया।

## फिलिस्तीन के संप्रभु और स्वतंत्र राज्य की स्थापना का भी जताया समर्थन

# भारत की बैलेंसिंग एक्ट पॉलिसी




अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार


गत 7 अक्टूबर को हमास लड़ाकों द्वारा इजराइली नागरिकों के नरसंहार के बाद जिस तरह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद की निंदा करते हुए इजराइल के साथ एजकजुटता जाहिर की, वह भारत की मध्य-पूर्व (पश्चिम एशिया) में बैलेंसिंग एक्ट पॉलिसी को ही निरूपित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू को भरोसा दिया कि इस कठिन घड़ी में भारत उनके साथ है। साथ ही भारतीय विदेश मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि भारत फिलिस्तीन के संप्रभु और स्वतंत्र राज्य की स्थापना के लिए लंबे समय से अपने समर्थन में विश्वास करता है।

मतलब साफ है कि भारत आतंकवाद के हर रूपों की खिलाफत के साथ प्रत्येक राष्ट्र की संप्रभुता का भी पक्षधर है। याद होगा 2017 में प्रधानमंत्री मोदी फिलिस्तीन की संप्रभुता का सम्मान करते हुए यरुशलम को इजराइल की राजधानी घोषित करने के अमेरिका और इजराइल के प्रयास के खिलाफ मतदान कर चुके हैं, जबकि दुनिया को अच्छी तरह पता है कि भारत का अमेरिका और इजराइल के साथ कितना मधुर संबंध है। बावजूद इसके भारत का फिलिस्तीन की संप्रभुता के साथ खड़ा होना एक बड़ी बात है। जानना आवश्यक है कि 2017 में प्रधानमंत्री मोदी इजराइल का दौरा करने वाले पहले प्रधानमंत्री बने। उनकी यात्रा के बाद 2018 में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने भारत की यात्रा की। इन मजबूत संबंधों के बावजूद भी भारत इजराइली-अमेरिकी गोलबंदी में शामिल होने के बजाय बैलेंसिंग एक्ट पॉलिसी पर कायम है। यह इसलिए भी आवश्यक है कि मध्य-पूर्व क्षेत्र के सभी देशों के साथ भारत के मधुर संबंध हैं। मौजूदा समय में भारत मध्य-पूर्व में एक बड़ा पॉवर प्लयेर बनकर उभरा है।

हाल ही में अमेरिकी मैगजीन 'फॉरेन पॉलिसी' के एक आलेख में कहा गया है कि भारत ने इजराइल, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के साथ गहरे रिश्ते स्थापित कर इस क्षेत्र में रूस और चीन के प्रभाव को कम कर दिया है। आलेख में यह भी कहा गया है कि बदल रहे वर्ल्ड ऑर्डर में भारत की जगह बदल रही है और अब अमेरिका इस नए पैटर्न को लेकर ज्यादा कुछ नहीं कर सकता। इसलिए कि मध्य-पूर्व में अब अमेरिका के साथी देशों के लिए भारत भी एक सशक्त व शानदार विकल्प बन चुका है। गौर करें तो मध्य-पूर्व के सभी 18 देशों- इजराइल, फिलिस्तीन, आर्मेनिया, अजरबेजान, बहरीन, साइप्रस, जॉर्जिया, इराक, ईरान, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, ओमान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, तुर्की संयुक्त अरब अमीरात और यमन के साथ भारत के प्रगाढ़ संबंध हैं। इस क्षेत्र के तकरीबन 8 मिलियन भारतीय नागरिक यहां की अर्थव्यवस्था और विकास के महत्वपूर्ण कारक हैं।

> “ मध्य-पूर्व के सभी 18 देशों- इजराइल, फिलिस्तीन, आर्मेनिया, अजरबेजान, बहरीन, साइप्रस, जॉर्जिया, इराक, ईरान, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, ओमान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, तुर्की संयुक्त अरब अमीरात और यमन के साथ भारत के प्रगाढ़ संबंध हैं। इस क्षेत्र के तकरीबन 8 मिलियन भारतीय नागरिक यहां की अर्थव्यवस्था और विकास के महत्वपूर्ण कारक हैं। यह क्षेत्र भारत के विदेश नीति के रक्षा संबंधित पहलूओं को भी प्रभावित करता है। मध्य-पूर्व में भारत का हित केवल तेल और गैस तक ही सीमित नहीं है। भारत के लिए इस क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने और अपने घरेलू निर्यात को प्रोत्साहित करना भी शीर्ष प्राथमिकता में है। ”

यह क्षेत्र भारत के विदेश नीति के रक्षा संबंधित पहलूओं को भी प्रभावित करता है। मध्य-पूर्व में भारत का हित केवल तेल और गैस तक ही सीमित नहीं है। भारत के लिए इस क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने और अपने घरेलू निर्यात को प्रोत्साहित करना भी शीर्ष प्राथमिकता में है। इस क्षेत्र में मुख्य रूप से इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, ईरान और कतर रूप से आर्थिक व सामरिक शक्तिशाली देश हैं जिनके साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ होना आवश्यक है। इजराइल की बात करें तो दोनों देश प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को लगातार गति दे रहे हैं। भारत इजराइली हथियारों का सबसे बड़ा खरीदार देश है। भारत रक्षा हार्डवेयर के आयात में विश्व के सबसे बड़े आयातकों में से एक है। जबकि इजराइल इसका एक प्रमुख निर्यातक है। रक्षा विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले वर्षों में इजराइल भारत को रक्षा आपूर्ति में रूस को पीछे छोड़ देगा। उसका कारण यह है कि इजराइल के पास अधिकांशतः रूसी रक्षा उपकरणों को उन्नत करने की तकनीकी उपलब्ध है।



> कतर विश्व का सबसे बड़ा तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का निर्यातक है। भारत इस तथ्य से अच्छी तरह अवगत है कि उच्च वृद्धि दर बनाए रखने के लिए ऊर्जा सुरक्षा बेहद आवश्यक है। भारत की इस आवश्यकता की पूर्ति कतर ही कर सकता है। जानना आवश्यक है कि कतर के साथ भारत का दीर्घावधि समझौता है। इसके तहत वह भारत को प्रतिवर्ष 7.5 मिलियन टन तरल प्राकृतिक गैस उपलब्ध कराता है। इसी तरह भारत का पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ भी रिश्ते प्रगाढ़ हैं।

आज इजराइल उच्च तकनीक वाले रक्षा उपकरणों के आपूर्तिकर्ता के रूप में स्वयं को एक बड़े विकल्प के रूप में उभार लिया है। भारत का संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भी बेहतर संबंध हैं। याद होगा गत वर्ष पहले संयुक्त अरब अमीरात के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूएई के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जायद' से नवाजा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को भाई भी बताया जो कि दोनों देशों के परवान चढ़ते रिश्ते को रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है। प्रधानमंत्री मोदी को लेकर यूएई के दिल में कितना सम्मान है, वह 2018 में मोदी की संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा के दौरान देखने को मिला जब यूएई ने दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा समेत दुबई फ्रेम, एडनॉक बिल्डिंग एवं एमिरेट्स पैलेस को तिरंगे के रंग से रंग दिया था। प्रधानमंत्री ने अबू धाबी में व्यापार जगत के प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने का मकसद स्पष्ट करते हुए वहां निवेश करने को प्रेरित किया। साथ ही प्रधानमंत्री ने भारतीय रुपे कार्ड को लांच किया। इस तरह पश्चिम एशिया में यूएई पहला देश बन गया है जहां रुपे कार्ड चल रहा है। गौर करें तो दोनों देशों के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता कई मायने में महत्वपूर्ण है। हाल के वर्षों में भारत को ईरान के साथ भी बेहतर संबंध स्थापित हुआ है। ईरान विश्व में तेल एवं गैस के व्यापक भंडारों वाले देशों में से एक है। मौजूदा समय में भारत को अपनी सकल घरेलू उत्पाद की दर 8-9 प्रतिशत बनाए रखने के लिए उर्जा की सख्त आवश्यकता है।

इसे ईरान पूरा कर रहा है। दूसरी ओर भारत भी ईरान को जरुरत की वस्तुएं उपलब्ध कराने की वचनबद्धता को निभा रहा है। चाबहार समझौते के आकार लेने से अब भारत द्वारा ईरान को निर्यात की जा रही वस्तुएं मसलन चावल, मशीनें एवं उपकरण, धातुओं के उत्पाद, प्राथमिक और अर्द्धनिर्मित लोहा, औषधियों एवं उत्तम रसायन, धागे, कपड़े, चाय, कृषि रसायन एवं रबड़ इत्यादि में तेजी आई है। दोनों देश आर्थिक गतिविधियों को रफ्तार देने हेतु कई परियोजनाओं को आकार दे रहे हैं। इनमें ईरान-पाकिस्तान-इंडिया गैस पाइप लाइन परियोजना, एलएनजी की पांच मिलियन टन की दीर्घकालीन वार्षिक आपूर्ति, फारसी तेल एवं गैस प्रखंड का विकास, दक्षिण पार्श गैस क्षेत्र और एनएनजी परियोजना विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। ईरान-पाकिस्तान-भारत गैस पाइप लाइन को लेकर कई बार त्रिपक्षीय बैठकें हो चुकी है। हाल के वर्षों में भारत और सऊदी अरब दोनों का एक-दूसरे पर भरोसा बढ़ा है। अब दोनों देश पुरानी धारणाओं के खोल से बाहर निकलकर संबंधों को एक नया आयाम दे रहे हैं। सऊदी अरब भारत का चैथा सबसे बड़ा व्यापार साझीदार देश बन चुका है। ऊर्जा के एक बड़े स्त्रोत के रूप में भी सऊदी अरब भारत के लिए मुफीद है। ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों का एक महत्वपूर्ण आयाम है और दोनों पक्ष युक्तिसंगत ऊर्जा भागीदारी की दिशा में कार्यरत हैं। इसमें सऊदी अरब द्वारा भारत को निरंतर कच्चे तेल की दीर्घकालीन आपूर्ति उसके ऊर्जा की बढ़ती आवश्यकताओं की आपूर्ति सम्मिलित है।

भारत और सऊदी अरब के उपरी धारा और निचली धारा के तेल और गैस क्षेत्रों में सहयोग और संयुक्त उद्यम एवं गैस आधारित उर्वरक संयंत्र के भारत और सऊदी के बीच संयुक्त उद्यम को स्थापना इत्यादि सम्मिलित है। इसके अलावा तथ्य यह भी कि हम कच्चे तेल की अपनी आवश्यकता का लगभग 15 से 19 प्रतिशत सऊदी अरब से आयात करते हैं। इस निर्भरता को बनाए रखने के लिए दोनों देशों के बीच रिश्तों में लगातार मजबूती आ रही है। गत वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर की यात्रा कर 'पश्चिम की ओर देखो' की कूटनीति को एक नया आयाम दिया। कतर विश्व का सबसे बड़ा तरल प्राकृतिक गैस (एनएनपी) का निर्यातक है। भारत इस तथ्य से अच्छी तरह अवगत है कि उच्च वृद्धि दर बनाए रखने के लिए ऊर्जा सुरक्षा बेहद आवश्यक है। भारत की इस आवश्यकता की पूर्ति कतर ही कर सकता है। जानना आवश्यक है कि कतर के साथ भारत का दीर्घावधि समझौता है। इसके तहत वह भारत को प्रतिवर्ष 7.5 मिलियन टन तरल प्राकृतिक गैस उपलब्ध कराता है। इसी तरह भारत का पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ भी रिश्ते प्रगाढ़ हैं। ऐसे में भारत के लिए बैलेंसिंग एक्ट पॉलिसी बेहद आवश्यक है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## व्यंग्य

# पावणे जीमते रहेंगे




गोविंद सेन
व्यंग्यकार


उसने खुद को महाराजा घोषित करवा लिया था। हालांकि वह एक राज्य का राजा ही था। किन्तु वह विश्व के महानतम राजाओं में स्वयं को गिनता था। सब उसे महाराज कहकर संबोधित करते थे। पूरा राज्य उसका जयगान करता था। उसकी आरती सुबह-शाम घर-घर होती थी। जिन कवियों ने उसकी आरती लिखी, उन्हें राजकवि घोषित किया जा रहा था। उन्हें स्वर्ण मुद्राएं देकर विशेष रूप से सम्मानित किया जा रहा था। राज्य में कई राजकवि हो गए थे। कई राजकवि होने को आतुर तुक्कड़ कवि आरती लिखने जुटे गए थे। एक बार उनकी आरती महाराजा सुन लें तो वे धन्य हो जाएं। राजकवि हो गए तो फिर जीवन सफल हो गया समझो। अल्प समय में राज्य में कवियों, लेखकों, गायकों और चित्रकारों की बाढ़-सी आ गई थी। आरती गाने वालों को राजगायक, महाराजा का चित्र बनाने वालों को राजचित्रकार आदि बनाया जा रहा था। स्वर्ण मुद्राओं और सम्मान के लोभ में सभी कलाप्रेमी महाराजा को लुभाने के लिए उल्टी-सीधी हरकते कर रहे थे।

सत्तालोलुप राजा अपनी प्रशंसा का अतिशय भूखा था। वह इसके लिए किसी भी हद तक जा सकता था। वह राज्य से अधिक अपना विस्तार चाहता था। इसी भावना के चलते उसने पड़ोसी राज्य पर बेवजह आक्रमण कर दिया। भयानक युद्ध हुआ। पड़ोसी राजा की सेना बहादुरी से लड़ी। उसने राजा के दुगुने सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया। युद्ध बेनतीजा ख़त्म हो गया। अब पड़ोसी राजा दुश्मन हो गया था। उसने कई एकड़ जमीन पर कब्ज़ा भी कर लिया। महामंत्री राजा का मुंहलगा था। राजा महामंत्री के अलावा किसी और की सुनता नहीं था।

केवल महामंत्री से ही मंत्रणा करता था। महामंत्री राजा से बोला-'खाया-पिया कुछ नहीं महाराज, गिलास फोड़ा बारह आना। इस युद्ध से हमें कुछ नहीं मिला, उल्टे हमारी जमीन दुश्मन के कब्जे में चली गई। हमारे अनेक बहादुर योद्धा हताहत हो गए। उनकी विधवाएं बिलख-बिलख कर रो रही हैं। मुझसे उनका विलाप देखा नहीं जा रहा। क्या उनके लिए पेंशन और मुआवजे की माकूल व्यवस्था की जाए। क्या करें महाराज!' 'आप अपने दिल को कड़ा करें महामंत्री। भावुक होने से राजकाज नहीं चलता। पेंशन वगैरह की बाद में देखेंगे। सबसे पहले सभी दिवंगत सैनिक के लिए वीरमणि सम्मान घोषित कर दें। सभी वीरों के लिए राजकवियों से उनका वीरता गान लिखवाएं। (कुछ रुककर) हां, एक बात बताएं महामंत्री कि पावणे तो जीम रहे हैं न।'

'हां, पावणे तो बराबर जीम रहे हैं महाराज। विधवा स्त्रियों के विलाप का उन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।' 'फिर चिंता की कोई बात नहीं महामंत्री। युद्ध में जो भी हमारे योद्धा वीगति को प्राप्त हुए हैं, वे सीधे (राजा ने तर्जनी से आकाश की ओर संकेत किया) स्वर्ग गए हैं। मेरी यमराज से बात हो गई है। मेरी पूरी कोशिश है कि स्वर्ग में उन्हें हर सुविधा मिले। उनकी आत्मा प्रसन्न रहे। उन्हें अपनी वीरता और बलिदान का पूरा पुरस्कार मिलेगा। यमराज मेरी बात नहीं टालेगा। सभी वीर स्वर्ग में सुखपूर्वक रहेंगे। आप किंचित चिंता न करें। बस आप यहां थोड़ा मैनेज कर लें। (कुछ रुककर) अब इस गंभीर मुद्रा से बाहर आएं। कुछ हंसे महामंत्री।' इतना कहकर राजा लक्कड़बग्घे की तरह हंसने लगा। राजा के साथ महामंत्री भी लक्कड़बग्घे की तरह हंसने लगा। लक्कड़बग्घा दोनों की हँसी सुन स्तब्ध रह गया।

## X



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
हर बिखरती जिंदगी को संभालने और संवारने की जद्दोजहद का ही तो नाम है - #बचत_राहत_बढ़त !



**अमिताभ बच्चन,** अभिनेता
@SrBacchan
सुबह सुबह निकले थे काम पे;
अभी अभी लौटे हैं काम से।
अब बैठे हैं आपसे संपर्क करने ,
प्रातः काल निकलना है फिर काम पे।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
जब आपकी हँसी उपहास या अपमान करने के लिए होती है, तो आप हँसते हैं और जीवन और जीवन के स्रोत का अपमान करते हैं। यह खुशी का नहीं बल्कि बीमारी का है।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
वक्त आपको समझा देता है कि लोग क्या थे, और आप क्या समझते थे।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
अगर हम बाहर जो भी लड़ाई लड़ते हैं उनमें जीत चाहते हैं, तो हमें पहले उन लड़ाइयों को अपने मन में जीतना होगा।



**विवेक अग्निहोत्री,** फिल्म मेकर
@VivekAghnihotri
जिन लोगों ने डॉ. एसएल भैरप्पा का 'पर्व' पढ़ा है, उनका मानना है कि "पर्व सिर्फ एक उत्कृष्ट कृति नहीं है; यह एक शानदार कृति है।"

## नॉलेज कॉर्नर: राष्ट्रीय पक्षी मोर और कमल के फूल की थीम पर बना है लोकसभा-राज्यसभा चैंबर

# सांस्कृतिक वैभव को समेटे नया संसद भवन

देश में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक प्रकिया के अनुरूप चुने गए संसद सदस्य जिस गरिमामय भवन में बैठकर देश के लिए कानून बनाने का काम करते हैं उसे संसद कहा जाता है। यहां हम बात कर रहे हैं भारत के नए संसद भवन के बारे में। नया संसद भवन भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नई दिल्ली में पुरानी संसद के पास ही बनाई गई है। इस नए संसद भवन का आकार पुराने संसद की तुलना में काफी बड़ा है और यह आधुनिक तकनीक और सुरक्षा के उच्च मानकों से लैस है। नए संसद भवन को बनाने की जरूरत क्यों पड़ी, इससे देश के लोगों को क्या लाभ होगा इन्हीं सब बातों को विस्तार से जानने की कोशिश करते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### 1200 करोड़ की लागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 दिसंबर 2020 को नए संसद भवन की आधारशिला रखी थी। 28 मई 2023 को इसका उद्घाटन हुआ। नया संसद भवन 29 महीने में बनकर तैयार हुआ। संसद भवन को त्रिकोणीय आकार में तैयार किया गया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा स्पेस को इस्तेमाल में लाया जा सके। ये 64,500 वर्गमीटर में बना हुआ है। इसे बनाने में करीब 1200 करोड़ रुपए की लागत आई है। संसद के नए भवन में संस्कृति और टेक्नोलॉजी के मिश्रण के प्रतीक दिखाई देते हैं। भवन में आधुनिक प्रगति को ऐतिहासिक संस्कृति के साथ प्रभावी ढंग से जोड़ा गया हैं। इस बिल्डिंग में एडवांस तकनीक के सिक्योरिटी सिस्टम लगाए गए हैं, जिनमें चेहरे की पहचान करने वाला सॉफ्टवेयर, सीसीटीवी कैमरे और विजिटर्स के लिए स्क्रीनिंग प्रक्रियाएं शामिल हैं।



### छह प्रवेश द्वार

नए संसद भवन में छह द्वार हैं- गज द्वार, अश्व द्वार, गरुड़ द्वार, मकर द्वार, शार्दुला द्वार और हम्सा द्वार। इन सभी का नाम वास्तविक और पौराणिक प्राणियों के नाम पर रखा गया है। दरअसल, नए संसद भवन में सभी छह प्रवेश द्वारों पर शुभ जीवों की लाल बलुआ पत्थर की मूर्तियां लगी हैं। भारतीय संस्कृति में उनके महत्व, उनकी सौंदर्य उपस्थिति, सकारात्मक गुणों और वास्तु शास्त्र के अध्ययन के आधार पर उन्हें स्थापित किया गया है। प्रवेश द्वार पर बायोमेट्रिक के साथ-साथ रेटिना स्कैन भी किया गया है, जोकि विश्व स्तरीय सुरक्षा सिस्टम है।

### बैठ सकते हैं 1272 सदस्य

*पुराने संसद भवन जहां लोकसभा में 545 और राज्यसभा में 245 सांसदों के बैठने की जगह थी, वहीं नए संसद भवन में लोकसभा चैम्बर में 888 सांसद बैठ सकते हैं और राज्यसभा चैंबर में 384 सांसद आसानी से बैठ सकते हैं, जबकि संयुक्त संसद सत्र की स्थिति में 1,272 सांसद बैठ सकते हैं।*

*कंटेंट: श्रवण भाटी*




**मिजोरम विधानसभा चुनाव: प्रत्याशियों के नामों की घोषणा से रोचक हुआ सियासी घमासान**

# असम से सीमा विवाद व शरणार्थियों के साए में चुनावी दौड़ हुई तेज

**एजेंसी** | आइजोल

राजनीतिक दलों द्वारा प्रत्याशियों के नामों की घोषणा शुरू होने के साथ ही पूर्वोत्तर के मनोहारी प्रदेश मिजोरम में सियासी तापमान बढ़ने लगा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राज्य दो दिवसीय दौरा कर चुनाव सभाओं को संबोधित किया। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के दौरे पर आने की संभावना है जबकि मुख्यमंत्री जोरमथंगा राज्य का दौरा कर रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार पड़ोसी राज्य मणिपुर में पांच महीने से चल रहे जातीय संघर्ष का मिजोरम के चुनाव पर खासा असर पड़ने की उम्मीद है। राज्य में वर्तमान में पड़ोसी राज्य से लगभग 72,000 शरणार्थी आए हैं, जिनमें मणिपुर के कुकी और फरवरी, 2021 में म्यांमार में हुए तख्तापलट के बाद वहां से भाग गए लोग भी शामिल हैं। राज्य के लिए शरणार्थी संकट से निपटना एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बन गया है, विपक्ष ने राज्य सरकार पर अयोग्यता का आरोप लगाया है। सत्तारूढ़ दल केंद्रीय सहायता की मांग कर रहा है। अन्य प्रमुख मुद्दों में असम और मिजोरम के बीच चल रहा सीमा विवाद और राज्य में नशीली दवाओं की बढ़ती तस्करी शामिल है।

**हॉट सीट**

मिजा नेशनल फ्रंट ने 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया। इस बार भी यहां की कई सीटों पर रोचक मुकाबला होने की उम्मीद है। ऐसे में राज्य की इन 2 महत्वपूर्ण विधानसभा सीटों पर सभी की नजर टिकी हुई है।

### आइजोल पूर्व: मुख्यमंत्री जोरमथंगा को जेडपीएम के लालथानसांगा की चुनौती

आइजोल पूर्व-यहां निवर्तमान मुख्यमंत्री जोरमथांगा फिर से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। जोरमथांगा ने 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में यहां से जीत हासिल की थी। इस बार उनका मुकाबला जोरम पीपुल्स मूवमेंट के उपाध्यक्ष लालथानसांगा से होगा। कभी कांग्रेस का गढ़ रही आइजोल पूर्व सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है।



### आइजोल पश्चिम: प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पीसी लालसावता को पीको की कड़ी चुनौती

आइजोल पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भी त्रिकोणीय मुकाबले आसार हैं। एमएनएफ, जेडपीएम और कांग्रेस के बीच यहां कड़ी टक्कर होने के आसार हैं। जेडपीएम के मौजूदा विधायक वी.एल. जैथनजामा का मुकाबला पूर्व वित्त मंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पीसी लालसावता और एमएनएफ उम्मीदवार के. सॉमवेला से होगा। यह निर्वाचन क्षेत्र इसलिए भी खास है क्योंकि 2008 में इसके अस्तित्व में आने के बाद से किसी भी पार्टी ने इसे लगातार नहीं जीता है।



### BJP: 9 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी

भाजपा ने बुधवार को मिजोरम में विधानसभा चुनाव के लिए 9 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की।इसके पहले पार्टी ने बुधवार सुबह 12 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए थे। भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर फैसला हुआ है। राज्य में हालांकि भाजपा सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट के साथ रही है, लेकिन विधानसभा चुनाव में वह अपने बूते पर चुनाव मैदान में उतरती नजर आ रही है। भाजपा की सूची के अनुसार लुंग्लेई पश्चिम सीट से आर लालबियाक्तलुआंगी को टिकट दिया गया है। थोरंग से शांति विकास चकमा, हाचेक से मलसलत्लुअंगा और डंपा सीट से वनलालमुआका को टिकट दिया गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में मिजो नेशनल फ्रंट ने 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी, वहीं जोराम पीपुल्स मूवमेंट को आठ और कांग्रेस को पांच सीटें हासिल हुई थीं। राज्य में 40 सदस्यीय विधानसभा के लिए सात नवंबर को मतदान होगा। कांग्रेस ने मंगलवार को सभी 40 सीटों के लिए अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए थे। कांग्रेस ने भी पहले 39 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी।

### नेहरू-गांधी परिवार कांग्रेस की ताकत: शशि थरूर



**नई दिल्ली**। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कांग्रेस को एक परिवार की पार्टी बताए जाने को लेकर अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा है कि उनके बयान गलत तरीके से पेश किया गया। उनका मानना है कि नेहरू-गांधी परिवार पार्टी की ताकत है। थरूर ने केरल में सोमवार एक टेक कंपनी के दफ्तर के उद्घाटन के दौरान अगले प्रधानमंत्री के रूप में राहुल गांधी की संभावनाओं के बारे में भी टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि कई मायनों में यह परिवार से चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा, मैंने एक निजी कार्यक्रम में टिप्पणी की थी, जो एक औपचारिक बयान नहीं था।

### मोदी सरकार ने सभी वादे पूरे किए: सीएम सरमा

**रायपुर**। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार को अपने छत्तीसगढ़ दौरे पर चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने 60 सालों तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद देशवासियों से जो वादे किये थे, उन सबको पूरा करने का काम बखूबी किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर निर्माण किया जा रहा है। मंदिर निर्माण के लिए कांग्रेस शासनकाल में कोई काम नहीं किया गया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वो प्रभु श्रीराम को नहीं, बल्कि बाबर को चाहने वाली पार्टी है। इसलिए 6 दशक के कांग्रेस शासन में श्रीराम को याद नहीं किया गया।

**तेलंगाना: राहुल और प्रियंका का रोड शो, पार्टी की बस यात्रा शुरू**

# आप बीआरएस को वोट देंगे तो वह भाजपा को जाएगा: राहुल

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों के सियासी हमले तेज हो गए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने बुधवार को राज्य में अपनी पार्टी के चुनाव अभियान को गति देते हुए बस यात्रा शुरू की। उन्होंने मुलुगु में एक सभा को संबोधित किया।

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा चाहती है कि बीआरएस तेलंगाना में जीत हासिल करे। ये दोनों एक साथ काम कर रहे हैं। इनके साथ एआईएमआईएम भी मिली हुई है। यदि आप बीआरएस को वोट करेंगे तो भाजपा को वोट जाएगा। इसलिए आप कांग्रेस को पूरा समर्थन दीजिए। हम उन्हें सिर्फ तेलंगाना में ही नहीं,बल्कि पूरे देश में हराएंगे। आप भाजपा की बी टीम को हराएं। राहुल ने कहा कि संसद में जो भाजपा चाहती है, बीआरएस वही करती है। इसने किसान बिल और जीएसटी में भाजपा का समर्थन किया था। इसका सबसे बड़ा सबूत है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के पीछे ईडी और सीबीआई नहीं है। इससे पहले दोनों नेता हैदराबाद से हेलिकॉप्टर से मुलुगु पहुंचे और ऐतिहासिक रामप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना की।





### हमने जो गारंटी दी, उसे पूरा किया

प्रियंका ने कहा, अगर सरकार की नीयत लूटना हो तो वो विकास का काम नहीं कर पाएगी। कांग्रेस ने तेलंगाना के विकास के लिए एक रोडमैप बनाया है। आपके लिए गारंटी लाए हैं. हमने जिन राज्यों में हमने गारंटी दी है, हमने उन सभी गारंटियों को पूरा किया है। यहां परिस्थिति ये है कि 40 लाख युवा बेरोजगार है। लाखों पद खाली हैं, लेकिन नौकरी नहीं है। भर्तियों में भी भ्रष्टाचार हो रहा है। युवाओं के दर्द को समझने के बजाय उनपर सवाल उठाए जाते हैं। तेलंगाना में एक भी सरकारी यूनिवर्सिटी नहीं बनी है। उन्होंने कहा कि जो लोग खाड़ी देशों में काम करने जाएंगे, उनके लिए खाड़ी सेल बनाया जाएगा। किसानों के कर्ज बढ़ गए हैं, लेकिन सरकार की तरफ से कोई मदद नहीं मिलती। कांग्रेस किसानों के 2 लाख रुपए तक के कर्ज माफ करेगी और एमएसपी भी बढ़ाएगी। मनरेगा में रजिस्टर्ड मजदूरों को हर साल 12 हजार रुपए मिलेंगे।

### प्रियंका ने किया एससी-एसटी से आरक्षण पर वादा

प्रियंका गांधी ने सभा को संबोधित कहा कि कांग्रेस पार्टी का ये सिद्धांत है कि सामाजिक न्याय होना चाहिए। हमने फैसला किया है कि पार्टी के सत्ता में आने पर तेलंगाना में एससी को 18 फीसदी और एसटी को 12 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। अंबेडकर अभय हस्तम योजना के तहत एससी और एसटी परिवारों को लाख रुपए की मदद, इंदिराम्मा पक्का घर योजना के तहत बेघर एससी और एसटी परिवारों को अपना घर बनाने के लिए जमीन और 6 लाख रुपए मिलेंगे।

**आंध्र प्रदेश की अहम पहल**

# राज्य में पिछड़े वर्ग की होगी जनगणना

**एजेंसी** | अमरावती (आंध्र प्रदेश)



आंध्र प्रदेश सरकार 15 नवंबर के आसपास पिछड़ा वर्ग की जातिगत जनगणना शुरू करेगी। इसका उद्देश्य इस श्रेणी में आने वाले 139 समुदायों की बेहतर सेवा करना है।

राज्य के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री सी श्रीनिवास वेणुगोपाल कृष्णा ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सरकार जातिगत जनगणना के लिए स्वयंसेवी प्रणाली के साथ-साथ ग्राम सचिवालय प्रणाली को बड़े पैमाने पर लागू करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग 139 पिछड़े वर्ग की जातियां हैं और इन समुदायों के लोग अपनी संख्या बल से अनजान हैं। पिछड़े वर्ग के समुदायों को भी विभिन्न क्षेत्रों में उनके प्रतिनिधित्व के स्तर का पता नहीं है। जनगणना इन पहेलियों को हल किया जा सकेगा।

कृष्णा ने कहा कि पिछड़े वर्ग के समुदायों के कई प्रतिनिधियों ने जाति जनगणना के लिए अभियान चलाया था और उन्होंने उनकी संख्या नहीं जानने पर निराशा भी जताई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने 11 अप्रैल को विधानसभा का एक प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था, जिसमें जनगणना के साथ-साथ जाति जनगणना को लागू करने के लिए कहा गया था, लेकिन पता चला कि यह जल्द ही नहीं होगा।

### समुदाय के बुद्धिजीवी लोगों के साथ होंगी बैठकें

इसके अलावा, जाति जनगणना कराने के लिए सरकार की ओर से समुदाय से सुझाव भी मांगे जाएंगे. इसको लेकर ईमेल आईडी जारी और एक ऐप भी तैयार करवाएगी। इतना ही नहीं सरकार समुदाय के बुद्धिजीवियों से इनपुट लेने और उनके साथ विचार-विमर्श करने के लिए गोलमेज बैठकें भी आयोजित करेगी। यह सभी गोलमेज बैठक खासकर विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा, राजामहेंद्रवरम, कुरनूल और तिरूपति आदि में की जाएंगी।

**विंध्य क्षेत्र में कांग्रेस को लगा एक बड़ा झटका**

# पूर्व विस अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी के पोते सिद्धार्थ भाजपा में शामिल

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए तेज होते सियासी घमासान के बीच बुधवार को विंध्य क्षेत्र में कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी के पोते सिद्धार्थ तिवारी ने कांग्रेस को छोड़कर भगवा खेमे का दामन थाम लिया। सिद्धार्थ बुधवार सुबह राजधानी में भाजपा के प्रदेश दफ्तर पहुंचे और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ पन्ना के गुनोर से पूर्व विधायक फुन्देलाल चौधरी भी बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए।



### शिवराज ने कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान पर कसा तंज

इस मौके पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने टिकट वितरण को लेकर सामने आई कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान पर तंज कसा और बोले कि कांग्रेस में काम बंटे हुए हैं। गाली खाने की पावर आफ अटार्नी दिग्विजय सिंह को दी गई है, जो अभी तक वैलिड है।

### 'BJP की वजह से लटक रहा है योग्यता मामला'

**मुंबई**। राकांपा के संस्थापक शरद पवार गुट के विधायक रोहित पवार ने सरकार में शामिल भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि पार्टी खुद नहीं चाहती है कि शिंदे गुट के 16 विधायक योग्य साबित हों। उन्होंने कहा, भाजपा सिर्फ अपने फायदे की सोच रही है, इसीलिए इस मामले को लगातार लटकाया जा रहा है और फैसला नहीं किया जा रहा। रोहित पवार ने कहा, महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर इस पर फैसला नहीं ले पा रहे हैं।

**तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष की पवन कल्याण से मुलाकात**

# BJP व जनसेना पार्टी में गठबंधन संभव

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने पार्टी के राज्यसभा सांसद के लक्ष्मण के साथ बुधवार को जनसेना पार्टी के संस्थापक और अभिनेता पवन कल्याण के साथ मुलाकात की। इसके साथ ही भाजपा व जनसेना पार्टी के राज्य में विधानसभा चुनाव मिलकर चुनाव लड़ने की चर्चा तेज हो गई है। भाजपा नेताओं से पवन कल्याण की ये मुलाकात उनके कार्यालय में ही हुई। पवन कल्याण के हवाले से कहा गया है कि चुनाव पूर्व गठबंधन पर स्थिति एक या दो दिनों में स्पष्ट हो जाएगी। हालांकि जनसेना ने भगवा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से आग्रह पर 2014 के विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा और तेलुगु देशम पार्टी के प्रत्याशियों को जिताने के लिए प्रचार किया था। बाद में पवन कल्याण के नेतृत्व वाली पार्टी ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगमों के चुनावों में भी प्रत्याशी नहीं उतारे थे। जनसेवा पार्टी ने निगम चुनाव नहीं लड़ा था। जनसेना पार्टी ने बीती 2 अक्टूबर को राज्य की 119 में से 32 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। वहीं, पार्टी के प्रमुख ने हाल ही में पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में भी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए तेलुगु देशम पार्टी के साथ गठबंधन करने का ऐलान किया था।



**छत्तीसगढ़ की चुनावी डायरी**

# गृह मंत्री अमित शाह आज बस्तर में, आदिवासी वोटर पर टिकी है नजर

**■ कांग्रेस ने घोषित किए 53 और प्रत्याशी, अब 83 नाम घोषित ■ भाजपा ने पंडरिया से भावना बोहरा को बनाया उम्मीदवार, 86 नाम घोषित**

**एजेंसी** | रायपुर/ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के लिए प्रथम चरण का मतदान 7 नवंबर को होना है, इसलिए राज्य में सियासी घमासान तेज हो गया है। भाजपा के चुनाव अभियान को धार देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को राज्य के आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र के जगदलपुर और कोंडागांव में सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करेंगे।

शाह आदिवासी मतों को साधने का प्रयास करेंगे। भाजपा पीएम मोदी की सभाओं के कार्यक्रम को भी अंतिम रूप दे रही है। इस बीच, कांग्रेस ने बुधवार को 53सीटों के लिए पार्टी प्रत्याशियों की सूची जारी की। यह उसकी दूसरी सूची है। इससे पहले कांग्रेस ने 30 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे। इस प्रकार पार्टी ने अभी तक 85 नामों की घोषणा करदी है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा की 90 सीटें हैं। कांग्रेस ने अपनी दूसरी सूची में अधिकतर पुराने चेहरों को मौका दिया है। राज्य में पहले चरण में नक्सली गतिविधियों से प्रभावित बस्तर-दुर्ग अंचल की 20 सीटों पर मतदान होना है। भाजपा ने बुधवार को पंडरिया विधानसभा सीट से भावना बोहरा को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी की यह तीसरी सूची है जिसमें एक मात्र प्रत्याशी का नाम शामिल है। भावना को प्रत्याशी बनाने के साथ ही पार्टी ने कवर्धा जिले में एक बार फिर से ब्राह्मण प्रत्याशी को मौका दिया है। पार्टी राज्य के लिए अब तक 86 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। इस प्रकार सत्ता की दावेदार दोनों पार्टियों द्वारा अधिकतर प्रत्याशियों की घोषणा से चुनावी मुकाबलों की तस्वीर लगभग साफ हो गई है।





### दुर्ग की 4 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित

दूसरी ओर दूसरी सूची में कांग्रेस ने दुर्ग जिले की चार विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। दुर्ग शहर से अरुण वोरा, अहिवारा से निर्मल कोसरे भिलाई नगर से देवेंद्र यादव और वैशाली नगर से मुकेश चंद्राकर को उम्मीदवार बनाया गया है। महंत रामसुंदर दास रायपुर दक्षिण से चुनाव लड़ेंगे। वहीं रायपुर पश्चिम से विकार उपाध्याय, रायपुर ग्रामीण से विधायक सत्यनारायण शर्मा के बेटे पंकज शर्मा को मौका दिया गया है। अभनपुर से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, राजिम से अमितेष शुक्ला को दोबारा मौका दिया गया है। कुरूद से बीजेपी के अजय चंद्राकर के खिलाफ तारिणी चंद्राकर को उतारा गया है। भिलाई शहर से कांग्रेस के दिग्गज नेता मोतीलाल बोरा के बेटे अरुण बोरा को दोबारा मौका दिया गया है। इसी तरह बिलासपुर से शैलेष पांडेय, रायपुर रामानुजगंज से डॉ. अजय तीर्की, सामरी से विजय पैकरा, रायगढ़ से बीजेपी के ओपी चौधरी के खिलाफ कांग्रेस के प्रकाश शक्राजीत नायक चुनावी मैदान में होंगे।

### बस्तर में तस्वीर बदलने की तैयारी में जुटी BJP

कांग्रेस ने वर्ष 2018 में आदिवासी क्षेत्र में जीत दर्ज की थी और उसने बस्तर की सभी 12 सीटों पर बहुमत हासिल किया था। इसके साथ ही कांग्रेस राज्य की सत्ता में 15 वर्ष बाद वापस आई थी। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अपनी किस्मत बदलने के लिए भाजपा कड़ी मेहनत में जुटी हुई है। ऐसा कहा जाता है कि छत्तीसगढ़ में उसी पार्टी को सत्ता मिलती है जिसने बस्तर इलाके में बढ़त बना ली। बस्तर राज्य का आदिवासी बाहुल्य इलाका है। दोनों ही पार्टियों का फोकस इस बार आदिवासी मतदाताओं को साधने का है।

### पीएम की सभा को लेकर बन रही है रणनीति

छत्तीसगढ़ विस चुनाव के लिए इस बार बीजेपी ने चेहरा घोषित नहीं किया है। ऐसे भाजपा पीएम मोदी की लोकप्रियता को भुनाना चाहती है। इस बार भाजपा की रणनीति पीएम मोदी की रैलियों को लेकर खास तरह से बन रही है। उसकी योजना है कि पीएम मोदी की 5 से 6 रैलियां कराई जाएं जिसके माध्यम से सभी 90 विधानसभा सीटों पर फोकस किया जा सके।

## जरूरी खबर

### अब विदेशी भक्त भी राम मंदिर के लिए दे सकेंगे दान



**नई दिल्ली।** विदेशों में बसे अनिवासी भारतीय या अन्य भक्त भी अब अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के लिए दान कर सकेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार से अपेक्षित एफसीआरए अनुमति मिल गई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के नाम से दिल्ली के संसद मार्ग स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में एक बैंक खाता खोला गया है जिसमें सभी भक्त ऑनलाइन दान कर सकेंगे। एफसीआरए लाइसेंस न मिलने के कारण अब तक विदेशी राम भक्त दान नहीं कर पा रहे थे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार मंदिर को 'विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम 2010' के अंतर्गत स्वैच्छिक योगदान प्राप्त करने के लिए गृह मंत्रालय ने मान्यता प्रदान कर दी है।

### पाकिस्तान की फायरिंग में BSF के दो जवान घायल

**जम्मू।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर मंगलवार को पाक रेंजर्स की तरफ से फायरिंग की गई। जिसमें दो सीमा सुरक्षा बल के दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। इसके बाद अरनिया सेक्टर में तैनात भारतीय जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की। 2021 में दोनों देशों के बीच हुए शांति समझौते के बाद संघर्ष विराम उल्लंघन की यह पहली घटना है। सेना के अधिकारियों ने बताया, बीएसएफ के दो जवान बिजली के खंभे में चढ़कर लाइट ठीक कर रहे थे, तभी पाकिस्तानी रेंजर्स ने गोली चला दी। यह इलाका बॉर्डर से करीब 60 मीटर और सीमा चौकी विक्रम से करीब 1500 मीटर की दूरी पर है। भारत और पाकिस्तान ने 25 फरवरी, 2021 को संघर्ष समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

### अरब सागर में निम्न दबाव का क्षेत्र चक्रवात संभव

**नई दिल्ली।** अरब सागर के दक्षिण-पूर्व में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जो अगले दो-तीन दिनों में 'तेज' चक्रवात में बदल सकता है। अभी इसकी तीव्रता का अंदाजा नहीं, लेकिन भारत मौसम विभाग का मानना है कि धीरे-धीरे यह प्रबल हो सकता है। फिलहाल इसकी निगरानी की जा रही है। अरब सागर के समानांतर बंगाल की खाड़ी में भी निम्न दबाव का एक क्षेत्र विकसित हो रहा है। इसके भी मजबूत होते जाने की आशंका जताई जा रही है। अरब सागर की स्थितियां अगर चक्रवात में बदलती हैं तो 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

## 5000 आदिवासी युवाओं से मिले गृह मंत्री शाह





**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को दिल्ली के भारत मंडपम में ट्राइबल यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत आदिवासी युवाओं से मिले। इस प्रोग्राम में देश भर से चयनित 5000 आदिवासी युवक-युवतियों ने भाग लिया। ये बच्चे देश की कई मेट्रो सिटी में घूमकर अलग-अलग जगहों की संस्कृति, भाषा और लोगों की जीवन शैली के बारे में समझेंगे। यह कार्यक्रम अगले 7 दिनों तक चलेगा। गृह मंत्रालय के मुताबिक, इस कार्यक्रम के तहत आदिवासी युवाओं को देश के विभिन्न हिस्सों में हुए टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट और इंडस्ट्रियल ग्रोथ को जानने और समझने का भी मौका मिलेगा। साथ ही वो शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के प्रति जागरूक हो सकेंगे। 2014-15 से 2022-23 तक पिछले 9 सालों में कुल 20,700 आदिवासी युवाओं ने इसमें हिस्सा लिया है। 2019-20 से 2022-23 तक पिछले चार सालों में 10,200 युवाओं ने हिस्सा लिया है। वहीं, 2022 से हर साल 5,000 युवा इस प्रोग्राम का हिस्सा बन रहे हैं।

### अडाणी ग्रुप पर 32 हजार करोड़ के घोटाले का आरोप

# विदेश से खरीदा कोयला भारत आकर हुआ महंगा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को एक बार फिर अडाणी ग्रुप का मुद्दा उठाकर केंद्र की मोदी सरकार को घेरा। उन्होंने एक विदेशी अखबार फाइनेंशियल टाइम्स का हवाला देते हुए अडाणी समूह पर 32 हजार रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है।उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी अडाणी समूह को बचा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश में बिजली महंगी होने के पीछे अडाणी का हाथ है। राहुल गांधी ने यह बात यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही।

राहुल ने कहा कि अडाणी इंडोनेशिया में कोयला खरीदते हैं और जब तक वह हिंदुस्तान पहुंचता है उसके दाम दोगुना हो जाता है। राहुल ने कहा, पहले हमने 20 हजार करोड़ की बात की थी और सवाल पूछा था कि पैसा किसका है और कहां से आया है।



#### शरद पवार प्रधानमंत्री नहीं है और ना अडाणी को बचा रहे हैं

राकांपा के संस्थापक शरद पवार की गौतम अडाणी के साथ हाल ही हुई मुलाकात को लेकर सवाल भी राहुल से सवाल किया गया कि वे इस पर सवाल क्यों नहीं उठाते। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने अब तक शरद पवार से कोई सवाल नहीं किया है क्योंकि वह प्रधानमंत्री नहीं हैं और ना ही वे गौतम अदाणी को बचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह काम पीएम मोदी कर रहे हैं और इसीलिए, मैं यह सवाल पीएम नरेंद्र मोदी से पूछता हूं, न कि शरद पवार से। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि अगर शरद पवार भारत के प्रधानमंत्री होते और अगर वह गौतम अदाणी की रक्षा कर रहे होते तो मैं उनसे भी यह सवाल पूछ रहा होता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गत माह ही शरद पवार अहमदाबाद स्थित अदाणी के घर और कार्यालय गए थे। इसके अलावा उन्होंने साणंद के एक गांव में अदाणी की एक फैक्टरी का उद्घाटन भी किया था।

#### गोयल ने पवार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** इजराइल व हमास के बीच युद्ध पर शरद पवार के बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पलटवार किया है। गोयल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ये बहुत परेशान करने वाला है कि शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेता इजराइल पर हुए आतंकी हमले पर भारत के रुख को लेकर बेतुके बयान देते हैं।

### ब्रह्मोस एयर लॉन्च वर्जन मिसाइल का सफल परीक्षण

## 1,500 किमी दूरी से बना सकती है दुश्मन को निशाना

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत को स्वदेशी हथियार प्रणालियों के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता मिली है। भारतीय वायु सेना ने बुधवार को बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के एयर लॉन्च वर्जन का सफल परीक्षण किया।

ब्रह्मोस एयर-लॉन्च वर्जन मिसाइल का परीक्षण सुखोई-30एमकेआई फाइटर जेट से किया गया। इस फाइटर जेट में ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों को लॉन्च करने की क्षमता है, जो लंबी दूरी पर दुश्मन के ठिकानों पर हमला कर सकती है।

रक्षा अधिकारियों ने बताया, पिछले कुछ दिनों में ब्रह्मोस हवा से प्रक्षेपित मिसाइल को सुखोई 30एमकेआई फाइटर जेट से लॉन्च किया गया था। जेट ने दक्षिणी प्रायद्वीप में एक हवाई अड्डे से मिसाइल के साथ उड़ान भरी थी और एक लक्ष्य पर सफलतापूर्वक हमला करते हुए 1,500 किमी से ज्यादा की यात्रा की। ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल सुपरसोनिक हथियार प्रणाली का लंबी दूरी का संस्करण है। यह रूस के साथ साझेदारी में बनाई गई भारत के पास मौजूद सबसे उन्नत हथियारों में से एक है।



#### सेना किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए हमेशा रहे तैयार: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना की सराहना करते हुए कहा कि युद्ध की तैयारी एक सतत प्रक्रिया होनी चाहिए। उन्होंने सेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित करते हुए पूर्वी लद्दाख की स्थितियों का जिक्र किया। इसके साथ ही किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सेना पर पूरा विश्वास जताया। दिल्ली में सोमवार से शुरू हुए पांच दिवसीय सैन्य कमांडर सम्मेलन में चीन के साथ लगी सीमाओं समेत अन्य मोर्चों पर संभावित राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर विचार करते हुए सेना की समग्र क्षमताओं को मजबूत करने पर चर्चा हो रही है। सिंह ने कहा कि विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच वार्ता सभी स्तरों पर जारी रहेगी। रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन के प्रयासों की सराहना की। कहा कि कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए पश्चिमी और उत्तरी दोनों सीमाओं पर सड़क नेटवर्क में अतुलनीय सुधार किया गया है। उन्होंने सेना के शीर्ष अधिकारियों का आह्वान किया कि अप्रत्याशित स्थितियों के अनुरूप योजना तैयार करें, रणनीति बनाएं और इससे निपटने की तैयारी करें।

### ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023

## चीन की गतिविधियों पर नौसेना की नजर

**एजेंसी** | मुंबई

इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध के बीच भारतीय नौसेना पश्चिम एशिया के घटनाक्रम और हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी नौसेना की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रख रही है।

ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 के एक सत्र में कुछ सवालों पर नौसेना की पश्चिमी कमान के प्रमुख वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा, नौसेना हिंद महासागर (आईओआर) में चीनी गतिविधियों या इसके संभावित प्रभाव से पूरी तरह अवगत है। इस समय नौसेना मुख्यालय या कमांड मुख्यालय में लगातार कोई न कोई इस बात पर काम कर रहा है कि पश्चिम एशिया में जो कुछ भी हो रहा है। उसके बाद क्या हो सकता है। जहां तक चीनियों का सवाल है, वे दक्षिण चीन सागर में जो कुछ भी कर रहे हैं उस पर हम पैनी नजर रख रहे हैं। हिंद महासागर में हम इस बात पर कड़ी नजर रख रहे हैं कि उनके अनुसंधान जहाज, जासूसी जहाज, उपग्रह ट्रैकिंग जहाज, युद्धपोत हर घंटे कहां हैं।



### रघुवर दास होंगे ओडिशा के अगले गवर्नर

**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं, इंद्र सेना रेड्डी नल्लू को त्रिपुरा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को बयान जारी कर ये जानकारी दी। दोनों पदों पर नियुक्ति उस तारीख से प्रभावी होंगी जब दास और नल्लू अपना-अपना कार्यभार संभालेंगे।

## 'अपना चंद्रयान' वेब पोर्टल लॉन्च




*नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 'अपना चंद्रयान' वेब पोर्टल लॉन्च करने के अवसर पर मिशन चंद्रयान-3 पर 10 विशेष मॉड्यूल जारी करते।*

### त्योहारी सीजन में यात्रियों को राहत

# रेलवे चलाएगा 34 स्पेशल ट्रेनें, 5.5 लाख बर्थ बढ़ेंगी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

त्योहारी सीजन से पहले उत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुविधाओं के लिए बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत रेलवे यात्रियों की त्योहारी भीड़ को देखते हुए बुधवार से 34 विशेष ट्रेनें शुरू करने जा रहा है। विशेष ट्रेनें 18 अक्तूबर से 11 दिसंबर के बीच 377 चक्कर लगाएंगी। इनमें से 351 यात्राएं देश के पूर्वी हिस्से की ओर और 26 यात्राएं उत्तरी क्षेत्र की ओर होंगी।

उत्तरी महाप्रबंधक शोभन चौधरी ने कहा, इन 34 ट्रेनों के अलावा, मौजूदा 69 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे और कुल मिलाकर, उत्तर रेलवे त्योहारी सत्र के दौरान यात्रियों की आवाजाही में वृद्धि को देखते हुए 5.5 लाख अतिरिक्त बर्थ और सीटें बनाएगा। अतिरिक्त व्यवस्थाएं बढ़ी हुई मांग को पूरा कर सकेंगी। हालांकि, हम स्थिति पर नजर रखेंगे और अगर हमें लगता है कि और अधिक विशेष ट्रेनों की जरूरत है, तो हम निश्चित रूप से उस पर भी विचार करेंगे। फिलहाल, मैं मुझे लगता है कि यह पर्याप्त है।

विशेष ट्रेनों की समयबद्धता के बारे पर चौधरी ने कहा कि वे यथासंभव आगमन और प्रस्थान के निर्धारित समय को बनाए रखेंगे और अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों के कारण समय की पाबंदी नहीं खोएंगे। ये अतिरिक्त ट्रेनें हमारे लिए अन्य ट्रेनों की तरह ही महत्वपूर्ण हैं और मैं विशेष ट्रेनों से यात्रा करने की योजना बना रहे सभी यात्रियों को आश्वस्त करूंगा कि उनकी समय की पाबंदी बनाए रखी जाएगी। उत्तर रेलवे ने संभावित यात्रियों को अपने सोशल मीडिया हैंडल और पूछताछ कार्यालयों से विशेष ट्रेनों का विवरण प्राप्त करने की सलाह दी है।



#### दलालों से टिकट नहीं लेने की अपील

महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने यात्रियों से अपील की है कि वह त्यौहारों के समय में रेलवे के टिकट काउंटर या आईआरसीटीसी की वेबसाइट से ही टिकट लें। कई जगहों पर इस दौरान दलाल सक्रिय हो जाते हैं और लोगों के साथ ठगी करते हैं। उन्होंने लोगों को दलालों से टिकट नहीं लेने की सलाह दी है। इसके साथ ही उन्होंने त्यौहार के दौरान रेलवे ट्रैक से दूर रहने की अपील भी लोगों से की है।

#### यहां के लिए चलेंगी रेलगाड़ियां

पटना, दरभंगा, गया, जयनगर, जालना, छपरा, अहमदाबाद, फिरोजपुर, गोरखपुर, वाराणसी, गुवाहाटी, जोगबनी, सहरसा जंक्शन, गटिहार, दानापुर, रक्सौल जंक्शन, मुज्जफरपुर, श्री माता वैष्णों देवी कटरा, जम्मू तवी, बरौनी। 18 अक्तूबर से 10 दिसंबर तक इन गाड़ियों का परिचालन होगा।

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम

## आठ हाई कोर्ट में 17 न्यायाधीश नियुक्त

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली सहित आठ हाई कोर्ट में बुधवार को 11 न्यायिक अधिकारियों और छह वकीलों की न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की गई है। वहीं, चार वकीलों को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है, जबकि बंबई हाई कोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश के तौर पर तीन न्यायिक अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है। केरल हाई कोर्ट में तीन न्यायिक अधिकारियों को अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। कर्नाटक और छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में एक-एक वकील को अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। एक न्यायिक अधिकारी को गुजरात हाई कोर्ट में जज नियुक्त किया गया है, जबकि एक अन्य को त्रिपुरा हाई कोर्ट में नियुक्ति मिली है। वहीं, अन्य न्यायिक अधिकारी को त्रिपुरा हाई कोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश बनाया गया है। इन नई नियुक्तियों की जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स पोस्ट में दी है। देश के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कलेजियम ने विभिन्न हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में 13 वकीलों के नामों की सिफारिश की है।

## एमएनआईटी हिंदी सप्ताह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्थानीय भाषा में शिक्षा देने पर दिया जोर

**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर की राजभाषा प्रकोष्ठ की ओर से हिंदी सप्ताह 2023 के अंतर्गत संस्थानिक स्तर पर संस्थान के विद्यार्थियों, शैक्षणिक वर्गों तथा अधिकारियों के मध्य विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें पूरे सप्ताह बड़े उत्साह से सभी ने भाग लिया।

मंगलवार को अवसर था हिन्दी सप्ताह के प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण करने का। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जहां राजस्थान इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड के अखिलेश जैन थे, तो विशिष्ठ अतिथि के रूप में संस्थान के निदेशक प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी उपस्थित रहे। विशिष्ठ अतिथि प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी ने कहा कि आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्थानीय भाषा में शिक्षा पर बल दे कर बहुत बड़ा काम किया गया है। जिससे विद्यार्थियों में नैसर्गिक विकास के साथ मौलिकता का भी विकास होगा। साथ ही उन्होंने कक्षाओं में पढ़ाने वाले प्रोफेसरों से आह्वान किया कि वो छात्रों के साथ मातृभाषा में जुड़ें, उनसे क्षेत्रीय तथा भावनात्मक जुड़ाव रखें।




### लगाई प्रदर्शनी

हिंदी अधिकारी डॉ ऋषि तिवारी ने कार्यक्रम कि सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था की राज्यभाषा प्रकोष्ठ द्वारा हिंदी सप्ताह 2023 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें न केवल संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा छात्र छात्राओं ने हिंदी के प्रति अपनी संवैधानिक दायित्व को निभाते हुए पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया। इसके लिए उन्होंने प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को बधाई दी।

### श्रेष्ठ पुस्तक लेखन को प्रोत्साहित किया जाए

कुलसचिव महेंद्र मोहन शर्मा ने कहा कि अपने दैनंदिनी जीवन में हिन्दी में बोलना लिखना पढ़ना हमें गर्व के साथ करना चाहिए जैसे विदेशों मे रह रहे अप्रवासी भारतीय करने लगे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिलेश जैन ने कहा कि आज की परिस्थिति में आवश्यक है कि न केवल तकनीकी विषयों की विश्व स्तरीय पुस्तकों का हिंदी में अनुवाद किया जाए वरन श्रेष्ठ पुस्तकों के लेखन को राज्यस्तर पर प्रोत्साहित किया जाए। राज्यभाषा प्रकोष्ठ के प्रभारी अशोक अग्रवाल ने सप्ताह भर हुए अनेकों गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया 9 अक्टूबर से अब तक कई गतिविधियां हुई।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता

हिंदी सप्ताह के अंतर्गत आशुभाषण, हिंदी काव्य-पाठ, लिखित हिंदी प्रश्नोत्तरी, हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता, तकनीकी विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। जहां विद्यार्थी संवर्ग में पीयूष न्याती, शुभम यादव, ईशान अरोड़ा, कपिल जैन दीक्षा नुवल, सुश्री पूर्णिमा यादव, कीर्ति शर्मा, तनिषा गोधा, अमन पाठक तथा दीपेश कुमार विजेता रहे तो वहीं गैर विधार्थी संवर्ग में डॉ. नीरजा सारस्वत, डॉ. हेमंत मीणा, डॉ. निवेदिता कौल, देवेश कुमार शर्मा, डॉ. पंकज कुमार गुप्ता, वीरेंद्र कुमार पाण्डे, डॉ.दीपक भारती, चतर सिंह, डॉ. ऋतु अग्रवाल तथा तपस गुप्ता विजेता रहे।

## श्री करणीकोट में सायर मां की मूर्ति स्थापना समारोह 22 को



**बेधड़क. जयपुर।** सीकर जिले के दांतारामगढ़ स्थित श्री करणीकोट में सायर मां के समाधि स्थल पर 22 अक्टूबर को हवन की पूर्णाहुति के साथ ही मूर्ति स्थापना और विशेष आरती होगी। श्री करणी कोट धाम के बलवीर सिंह ने बताया कि इन दिनों मूर्ति स्थापना की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। 21 अक्टूबर को हवन और रात्रि जागरण होगा। वहीं, 22 अक्टूबर को मूर्ति स्थापना के बाद भोजन प्रसादी का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि चारण वंश की किनियां शाखा में 10वीं पीढ़ी में सुआप गांव में करणी माता का अवतार हुआ था, जबकि 24वीं पीढ़ी में दांतारामगढ़ के पास चारणवास गांव में सायर मां का अवतरण हुआ था। यह मूर्ति उस जगह पर स्थापित होगी, जहां पर सायर मां की समाधि बनाई गई है। समाधि स्थल पर एक भव्य हॉल का निर्माण किया गया है। जिसमें एक साथ हजारों की संख्या में लोग बैठ कर पूजा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में जयपुर समेत सीकर, बीकानेर समेत अन्य जिलों के 10 हजार भक्त पहुंचेंगे।

## राज्यपाल को पुस्तक भेंट



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. ऋषि कुमार सिंघल की भौतिक शास्त्र जैसे सामान्य रूप से जटिल समझे जाने वाले विषय को हिंदी की सरल कविताओं के माध्यम से दर्शाती पुस्तक राग-भौतिकी की प्रथम प्रति राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र को भेंट की गई। भौतिक विज्ञान को आमजन के बीच लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से पुस्तक के रूप में यह प्रयोग किया गया है। डॉ. सिंघल की ऐसी ही तीन पुस्तकों काव्य भौतिकी, गीत भौतिकी, एवं सुर भौतिकी का प्रकाशन हो चुका है। पुस्तक काव्य भौतिकी को उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा सर्जना पुरस्कार दिया गया है तथा श्रीनाथद्वारा साहित्य मंडल द्रारा डॉ. सिंघल को इस कार्य के लिए भौतिकी काव्य निधि रत्न पुरस्कार से पुरस्कृत किया जा चुका है। इसी शृंखला की चौथी भौतिक विज्ञान की कविताओं की पुस्तक राग भौतिकी का प्रकाशन वैज्ञानिक दृष्टिकोण समिति एवं जयपुर पब्लिशिंग हाउस जयपुर द्वारा किया गया है। इस पुस्तक में भौतिक विज्ञान के विभिन्न विषयों पर 54 कविताएं लिखी गई हैं। पुस्तक की भूमिका सीएसआईआर के पूर्व डायरेक्टर जनरल डॉ. शेखर मांडे तथा नालंदा विश्वविद्यालय के चांसलर भारत के पहले सुपर कंप्यूटर के सूत्रधार डॉ. विजय भटकर ने लिखी है।

## नारायण वाटिका में डांडिया 21 को




**बेधड़क. जयपुर।** श्री श्याम परिवार के तत्वावधान में मुरलीपुरा स्थित नारायण वाटिका में शाम 6:00 बजे से डांडिया रास का आयोजन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि सुमेर सिंह शेखावत ने पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर कई बॉलीवुड कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस मौके पर कई प्रकार के लकी ड्रा भी रखे गए हैं। कार्यक्रम में तिलक राज अग्रवाल, मोनू गुप्ता, विशाल खोवाल, आशीष अग्रवाल, सौरभ सैनी, बलराम सिंह, जुगल शर्मा, राजेश शर्मा सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्व मानक दिवस मनाया

**बेधड़क. जयपुर।** एसकेआईटी ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के साथ मिलकर 'मानक महोत्सव' का आयोजन किया गया। 9 से 18 अक्टूबर तक चले इस महोत्सव का विषय 'शेयर्ड विजन फॉर बेटर वर्ल्ड' था। इस दौरान मानक महोत्सव ने छात्रों और समुदाय को जुड़ने, विचारों को साझा करने और बेहतर दुनिया की ओर एकजुट होने के लिए मंच प्रदान किया। इस आयोजन का मार्गदर्शन मानक क्लब के मार्गदर्शक डॉ. पूजा जैन ने किया। कार्यक्रम 'कैम्पस युवा से युवा कनेक्ट' पहल के साथ शुरू हुआ। 14 अक्टूबर को यूएचवी एंव ईसी संचालक डॉ. निधि शर्मा ने फोस्टरिंग इमोशनल वैलनेस इन यूथ पर विशेष बातचीत की। इस जश्न की हाइलाइट बीआईएस क्विज और निबंध लेखन प्रतियोगिता था। इस आयोजन में युवा भागीदारी, भावनात्मक स्वास्थ्य और दैनिक जीवन में मानकों की भूमिका से अवगत कराया गया।



# City इवेंट्स

### शिविर में 350 यूनिट ब्लड एकत्र



**बेधड़क. जयपुर।** रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन एवं अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष बीएस रावत के जन्मदिन पर रावत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में रक्तदान शिविर लगाया गया। रावत एजुकेशनल ग्रुप, अक्षेंद्र वेलफेयर सोसाइटी, राजस्थान उत्तराखंड सभा एवं महात्मा गांधी हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 350 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया। कार्यक्रम के संयोजक रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि शुरुआत में कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया एवं केक काटा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ रहे। कार्यक्रम में रावत ग्रुप की सभी ब्रांचेज रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विवेक विहार, मानसरोवर, रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर, भांकरोटा के स्टाफ ने भाग लिया। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक हेमेंद्र सिंह रावत एवं कार्यक्रम के सूत्रधार डॉ. विकास रावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जेकेके में लोकरंग महोत्सव 29 से

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में लोक कलाओं को समर्पित 11 दिवसीय लोकरंग महोत्सव अक्टूबर उमंग: लोक संस्कृति संग थीम पर 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक होगा। लोकरंग में राजस्थान समेत देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोक कलाकार अपनी लोक कलाओं की प्रस्तुति देंगे। उत्सव के अंतर्गत शिल्पग्राम में राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला लगेगा। इसमें दस्तकारों की ओर से हस्तशिल्प उत्पादों की स्टॉल्स लगाई जाएगी। नृत्य व गायन प्रस्तुतियां देखने के साथ आगंतुक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे।

### JVM विवि में छात्रसंघ चुनाव



**बेधड़क. जयपुर।** ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव हुए। इसमें जेएसआर जेवीएन पायल राजपुरोहित, वाइस जेएसआर अवंतिका तोमर, नॉमिनी जेएसआर अर्पिता बोहरा, नॉमिनी वीआईई जेएसआर अंजलि यादव, एसजेएस मुस्कान मेवारा चुने गए। सीईओ वेदांत गर्ग और यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ. हेमा बाफिला ने दीप प्रज्जवलन किया। ज्योति संघ 2023 स्टूडेंट यूनियन के चुनाव में पांच पदों के लिए विवि की छात्राओं द्वारा नामांकन भरा गया था। विश्वविद्यालय के सीईओ एवं सलाहकार जेवियन वेदांत गर्ग ने सर्वप्रथम अपना वोट डाला। विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ. हेमा बाफिला, प्रेजिडेंट इंचार्ज जेवियन डॉ. प्रमोद के राघव, प्रॉक्टर डॉ. शोभा लाल आदि मौजूद थे।

## 'इवेंटस्थान': 'फोरम' का 10वां वार्षिक सम्मेलन

# इवेंट उद्योग में बहुत जल्द भारत का लॉस वेगास बनेगा जयपुर




**बेधड़क | जयपुर**

शादियां हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन गई हैं। इस साल राजस्थान के विधानसभा चुनाव 23 नवंबर को होने थे। उस दिन देव उठनी एकादशी होने से यह तारीख बदलकर 25 नवंबर कर दी गई, क्योंकि उस दिन लगभग 50 हजार शादियां होनी तय थीं। इस बात से आप अंदाजा लगा सकते है कि हमारे देश में वेडिंगस इंडस्ट्री कितनी इम्पोर्टेंट है। यह कहना था फैडरेशन ऑफ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स 'फोरम' के पूर्व अध्यक्ष और इवेंट गुरु अरशद हसन का। वे फोरम के 10वें वार्षिक सम्मेलन 'इवेंटस्थान' में एक सेशन 'मेड इन हैवन' के दौरान बोल रहे थे। फोरम के अध्यक्ष महावीर शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि इवेंट उद्योग के भविष्य में अपार संभावनाएं हैं और साथ ही संपूर्ण इंडस्ट्री में हर कोई आशावादी है कि राजस्थान और राजधानी जयपुर जल्द ही भारत का लॉस वेगास बन जायेगा। गौरतलब है कि 'इवेंटस्थान' का आयोजन मुहाना मंडी रोड स्थित, हयात रीजेंसी में किया गया था। कार्यक्रम का विधिवत उद्धघाटन मंगलवार को फोरम के अध्यक्ष महावीर शर्मा, समित गर्ग, पूर्व अध्यक्ष फोरम, हरप्रीत बग्गा एवं इवेंट गुरु अरशद हुसैन ने दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। फोरम के अध्यक्ष महावीर शर्मा ने देश भर से आए लगभग 300 इवेंट मैनेजर्स का स्वागत किया। महासचिव हितेंद्र शर्मा ने स्वागत भाषण दिया व समित गर्ग कार्यक्रम के की नोट स्पीकर रहे।

## विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजन

# 'फेस ऑफ वीजीयू' में प्रतिभा और करिश्मा का प्रभावशाली संयोजन




**बेधड़क | जयपुर**

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू) ने बुधवार को बहुप्रतीक्षित 'फेस ऑफ वीजीयू' कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें प्रतिभा और करिश्मा का प्रभावशाली संयोजन देखने को मिला। वीजीयू के विभिन्न विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष छह प्रतियोगियों द्वारा एक ग्लैमरस रैंप वॉक के साथ हुई। लाइनअप में पत्रकारिता और जनसंचार विभाग, डिजाइन विभाग, फोरेंसिक विज्ञान और कई अन्य लोगों के उत्कृष्ट प्रतियोगी शामिल थे। दूसरे दौर में प्रतियोगी के आत्मविश्वास, संचार कौशल और सामान्य ज्ञान का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया गया। कुछ प्रतियोगियों ने प्रभावशाली नृत्य प्रदर्शन और मधुर गीतों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पैनल ने योग्य विजेताओं की घोषणा की। 'फेस ऑफ वीजीयू' की उपाधि डिजाइन विभाग से सुभलक्ष्मी, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से साक्षी खंडेलवाल, आर्यन पांडे, आरई, आर्किटेक्चर विभाग की छात्रा वंशिका होटल प्रबंधन कार्यक्रम, मुस्कान शर्मा, एलएलबी अध्ययन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दी गई। पैनल के सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि विजेता, अपनी असाधारण प्रतिभाओं के साथ, निश्चित रूप से एक स्थायी प्रभाव छोड़ेंगे और वीजीयू परिसर के भीतर और बाहर कई लोगों को प्रेरित करेंगे। यह आयोजन विभिन्न विषयों में प्रतिभाओं को पोषित करने और उनका जश्न मनाने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**नवाचार** 75वें अमृत महोत्सव में हमारा एकमात्र स्टार्टअप

# सेफ ऑन पावर प्यूरिफाई डिवाइस से बचेगी लाखों जिंदगियां

**बेधड़क | जयपुर**

बिजली के झटके से होने वाली मौतों व शॉर्ट सर्किट से होने वाली आगजनी से अब बचा जा सकेगा। इसके लिए जयपुर के एक व्यक्ति ने ऐसी डिवाइस बनाई है, जो इन हादसों को रोकने में मददगार साबित हो सकती है। इस डिवाइस का नाम सेफ ऑन पावर प्यूरिफाई है। एमएनआईटी के इनोवेशन एंड इन्क्युबेशन सेंटर, जयपुर के टेक्निकल सपोर्ट से इस डिवाइस (उपकरण) को भारत सरकार की ओर से पेटेंट मिल चुका है। एमएनआईटी कॉलेज से टेस्टिड व अप्रूव्ड यह डिवाइस सेफ्टी प्रोफेशन्ल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने भी सर्टिफाई किया है। हर स्तर पर अपनी दक्षता में खरी उतरी इस डिवाइस को ओमान, ईरान, दुबई, हॉलैंड व नीदरलैंड में पेटेंट करवाकर सेल करने की तैयारी है। डिवाइस के गहन अध्ययन व टैक्नीकल सपोर्ट के लिए नीदरलैंड सरकार की संस्था-पम के सीनियर एक्सपर्ट पीटर आलिरुक जयपुर पहुंचे हैं। पीटर आलिरुक कंपनी के इंजीनियर्स के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे।



### लोड के हिसाब से लगती है यह डिवाइस

सेफ ऑन पावर प्यूरिफाई डिवाइस को घर या फैक्ट्री के अंदर मीटर के आगे लगाते हैं। इस डिवाइस को लगाने के बाद घर पूरी तरीके से सुरक्षित रहता है। घर में कहीं भी शॉर्ट-सर्किट नहीं होता। साथ ही यह डिवाइस वोल्टेज को भी बैलेंस कर देता है, जिससे घर में मौजूद सभी इलेक्ट्रिक सामान कम या ज्यादा वोल्टेज होने से खराब नहीं होते। बड़े शोरूम और फैक्ट्रियों में भी इस डिवाइस को लगाया जा सकता है। यह डिवाइस घर या फैक्ट्री के किलोवाट लोड के हिसाब से लगाई जाती है।

### कितनी तरह की डिवाइस

पुंटो के डायरेक्टर धर्मराज बोथरा ने बताया कि सेफ ऑन पावर प्यूरिफाई डिवाइस के फिलहाल चार वेरिएंट-करंट के झटके, शॉर्ट सर्किट से बचाने, बिजली के फ्लेक्चुएशन को रोकने के लिए रिलेबेस स्टेबलाइजर व सर्वो सटेबलाइजर युक्त हैं। उन्होंने बताया कि आईआईटी, रुड़की से 1974 में ग्रेजुएट इंजिनियर आरके श्रीवास्तव के सुपरविजन में टेक्निकल टीम आईओटी यानी इंटरनेट आफ थिंग्स पर रिसर्च कर रही है। यदि यह प्रयोग सफल रहा तो इस डिवाइस को इंटरनेट के जरिए ऑपरेट किया जा सकेगा।

### प्रेस कांफ्रेंस में ये रहे मौजूद

प्रेस वार्ता के दौरान पम के भारत में प्रतिनिधि पुनीत रमन, एमएनआईटी इनोवेशन एंड इन्क्युबेशन सेंटर के डायरेक्टर व डीन एकेडमिक ज्योतिमर्य माथुर, सीनियर आपरेशन मैनेजर संजय गौड़, एसोसिएट डीन मोनिका शर्मा, पुंटो के डायरेक्टर अमित पारीक, कंपनी के प्रतिनिधि ऋषिराज सक्सेना, अंकुर कांडा व कर्नल राजकुमार अग्रवाल मौजूद रहे।



धैर्य रखें, सही समय आने पर आपके पास वो सबकुछ आएगा, जिसके लिए आपने मेहनत की है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### इजराइल को भारी पड़ सकता है गाजा हॉस्पिटल पर हमला

# रूस ने मांग लिए 'बेगुनाही' के सबूत



**एजेंसी** | तेल अवीव

गाजा शहर में मंगलवार रात अल-अहली अरब अस्पताल पर घातक बमबारी में स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार कम से कम 500 लोग मारे गए हैं। इसने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया है। हमले के बाद आपसी आरोप-प्रत्यारोप का एक और दौर शुरू हो गया है। फिलिस्तीनी पक्ष का कहना है कि विस्फोट इजराइली वायु सेना के विमान से गिराए गए एक स्मार्ट बम के कारण हुआ था, लेकिन इजराइल ने फिलिस्तीनी आतंकिवादियों पर दोष मढ़ा है। इजराइल का दावा है कि यह विस्फोट गाजा से गलत दिशा में दागे गए रॉकेट के कारण हुआ था जो (इजराइल) पहुंचने में विफल रहा और अस्पताल के ऊपर गिर गया।

फिलहाल जो सबूत उपलब्ध हैं उससे एक निश्चित निष्कर्ष निकालना मुश्किल है। मलबे में शवों की तलाश की जा रही हैं।



### पीएम मोदी ने किया ट्वीट

गाजा में एक अस्पताल पर हमले में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने पर दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि जारी संघर्ष में आम नागरिकों का हताहत होना गंभीर चिंता का विषय है और इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स'पर एक पोस्ट में कहा, "जारी संघर्ष में आम नागरिकों का हताहत होना गंभीर और निरंतर चिंता का विषय है। इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।"

### बाइडेन की इजराइल को क्लीन चिट

युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इजराइल पहुंचे तो प्लेन से उतरते ही वे औ नेतन्याहू गले मिले और फिर अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास के खिलाफ मुकाबले का दम भरा। यही नहीं इजराइल को क्लीन चिट देते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि अस्पताल हमले में सक्रिय उग्रवादी समूहों का हाथ है। जो बाइडेन ने कहा कि इजराइल हमास से जंग में अकेला नहीं है, हम उसके साथ हैं।

### बाइडेन के रहते रॉकेट हमला

हमास की ओर से तेल अवीव में बुधवार रात रॉकेट हमले किए गए हैं। बाइडेन की तेल अवीव में मौजूदगी के दौरान ये हमले हुए हैं। पूरे तेल अवीव में अलर्ट के लिए सायरन बजाए जा रहे हैं। इधर, बाइडेन ने नेतन्याहू से गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए मिस्त्र को छूट देने की मांग की, जिसे इजराइल ने मान लिया।

### फ्रांस: बम से उड़ाने की धमकी के बाद मचा हड़कंप

# खाली कराए 6 एयरपोर्ट

**एजेंसी** | पेरिस

फ्रांस के हवाई अड्डों पर हमले की धमकियों से अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में फ्रांस के छह अलग-अलग हवाई अड्डों को खाली करा लिया गया। एक पुलिस सूत्र ने एएफपी को बताया कि धमकियों भरे ईमेल के बाद फ्रांस के छह हवाई अड्डों को खाली करा लिया गया। एयरपोर्ट को मिली यह धमकी हाल के दिनों में फ्रांस को मिलने वाली धमकियों की कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है।

जिन हवाई अड्डों को खाली कराया गया है उनमें पेरिस के पास लिली, ल्योन, नैनटेस, नीस, टूलूज और ब्यूवैस शामिल हैं। हवाई अड्डों पर खतरे को भांपते अधिकारियों यह कदम उठाया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को फ्रांस के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक वर्सेल्स पैलेस को चार दिनों में दूसरी बार सुरक्षा कारणों से कुछ घंटों के लिए बंद कर दिया गया था। पेरिस के लौवर संग्रहालय और वर्साय पैलेस में बम रखे होने की धमकी के बाद शनिवार को भी विजिटर्स और कर्मचारियों से वहां से हटा दिया गया।



### खास सतर्कता बरती जा रही

पुलिस के एक राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बताया कि वर्साय के पूर्व शाही महल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बीते शुक्रवार यानी 13 अक्टूबर को इस्लामिक स्टेट ग्रुप से जुड़े एक व्यक्ति द्वारा उत्तरी शहर अर्रास में एक शिक्षक की चाकू मारकर हत्या दी गई। इस घटना के बाद फ्रांस में अन्य बम की धमकियां सामने आई हैं। इस घटना के बाद एहतियात के तौर पर फ्रांस में खास सतर्कता बरती जा रही है।

### अलर्ट पर पूरा प्रशासन

एक स्कूल में शुक्रवार को हुए हमले के बाद फ्रांस की सरकार ने अलर्ट स्तर को बढ़ा दिया है और सात हजार जवानों की तैनाती की है। अधिकारियों ने बताया कि एक पूर्व छात्र ने पकड़े जाने से पहले स्कूल में चाकू से किए गए हमले में एक शिक्षक की हत्या कर दी थी और तीन अन्य लोगों को घायल कर दिया था। सरकार इजराइल और हमास के बीच युद्ध के फ्रांस में पड़ने वाwले असर को लेकर भी चिंतित है। लौवर संग्रहालय में हर साल 30-40 हजार विजिटर्स आते हैं। प्रसिद्ध पेंटिंग मोनालिसा समेत कई उत्कृष्ट कृतियां इस संग्रहालय में हैं।

### इजराइली राजदूतों को निकालें, तेल के लिए तरसा दें

# अब आर-पार के मूड में आ गया ईरान

**एजेंसी** | तेहरान

गाजा के अस्पताल में विस्फोट के बाद से स्थिति काफी बदल गई है। इजराइल को इसका दोषी माना जा रहा है। हमास का दावा है कि इजराइल की एयर स्ट्राइक में 500 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। हालांकि, इजराइल ने हमास के दावे का खंडन किया है। अब ईरान ने मुस्लिम देशों से इजराइली राजदूतों को निकाल इजराइल पर तेल प्रतिबंध लगाने की बात कही है।



विदेश मंत्री होसैन की टिप्पणी के बाद पहली बार इजराइल में तेल प्रतिबंध पर चर्चा शुरू हो गई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर टेलीकास्ट एक क्लिप में अमीराबदोल्लाहियान ने कहा, "हम उम्मीद करते हैं कि यहूदी शासन के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले इस्लामिक देश तुरंत अपने संबंध तोड़ लें और इजराइली राजदूत को अपने देश से निकाल दें।"

ईरान ने इस्लामिक देशों से आग्रह किया है कि वे इजरायल को तेल की आपूर्ति रोक दें। "इजराइल देश को तेल का निर्यात के साथ-साथ इस्लामिक देशों द्वारा इजरायल के बीच मौजूद किसी भी प्रोजेक्ट को तुरंत रोका जाना चाहिए।"

## पाक: 'अबाबील' उड़ान परीक्षण

**इस्लामाबाद**। पाक ने बुधवार को 'अबाबील' हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किया। सेना के बयान के अनुसार यह परीक्षण हथियार प्रणाली के डिजाइन, तकनीकी मापदंडों और प्रदर्शन को फिर से परखने के लिए किया गया था। इस मिसाइल प्रणाली का उद्देश्य प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना और रणनीतिक स्थिरता को बढ़ाना है।

### न्यूयॉर्क के मेयर एडम्स का दिवाली संदेश

# गांधी व राम के विचार अपनाएं

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एरिक एडम्स ने कहा है कि दिवाली हम सभी को अंधकार को चीरकर प्रकाश की ओर बढ़ने की याद दिलाती है। उन्होंने लोगों से भगवान राम, देवी सीता और महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने तथा बेहतर मानव बनने का आह्वान किया। अपने न्यूयॉर्क आवास 'ग्रेसिया मैंशन' पर आयोजित वार्षिक दिवाली समारोह में एडम्स ने लोगों से दुनिया में अंधकार को दूर कर रोशनी फैलाने का आह्वान किया। एडम्स ने कहा, 'दिवाली सिर्फ एक छुट्टी नहीं है। यह हम सभी को याद दिलाती है कि हमें दुनिया से अंधकार को मिटाना होगा और प्रकाश फैलाना होगा। 'रोशनी का त्योहार' इसी बारे में है।' इस वार्षिक समारोह में सैकड़ों भारतवंशी अमेरिकी व अन्य देशों से आए प्रवासी व अधिकारी शामिल हुए।



### हैरान करने वाला खुलासा


# स्मृति खत्म करता है विशेष फंगस

■ भूलने की बीमारी को कहते हैं अल्जाइमर

**एजेंसी** | वाशिंगटन

कहते हैं बुढ़ापे में याददाश्त कमजोर हो जाती है। बुजुर्ग कई बार कुछ पुरानी बातें याद करने की कोशिश करते हैं, लेकिन नहीं कर पाते।

इसके साथ ही बोल पाने में भी परेशानी होती है। बात करते-करते थोड़ा रुकते ही भूल जाते हैं कि क्या कह रहे थे। इस तरह की समस्या के बारे में मेडिकल साइंस ने अल्जाइमर का नाम दिया है। सवाल यह उठता है कि आखिर दिमाग में वो कौन सा केमिकल लोचा होता है जिसकी वजह से भूलने की बीमारी लग जाती है। दरअसल, अमाइलोएड प्रोटीन और न्यूरांस के बीच कनेक्शन को अल्जाइमर की बड़ी वजह माना जाता है।



### चूहों पर किया प्रयोग

इस संबंध में अमेरिका के बेलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन के कुछ एक्सपर्ट ने चूहों पर अध्ययन किया, ताकि अल्जाइमर की वजह के बारे में जाना जा सके, इससे पहले इसी संस्थान में ऐसे चूहे के बारे में अध्ययन किया गया जो मेमोरी लॉस की समस्या का सामना कर रहा था। हालांकि, सी अल्बिकंस फंगस को उसके दिमाग से निकाल लिया गया तो वो सही हो गया। इस तरह के नतीजों को और पुख्ता करने के लिए शोधकर्ताओं ने चूहे के दिमाग में सी अल्बिकंस को सीधे इंजेक्ट किया। कुछ दिन के बाद उसके ब्रेन के अध्ययन में पाया गया कि उस चूहे की स्मृति खत्म हो रही है।

### अल्जाइमर: बाहरी कारक ज्यादा जिम्मेदार

इस अमाइलोएड प्रोटीन और न्यूरांस के कनेक्शन के बारे में अब तक यह माना जाता था कि मस्तिष्क के अंदर ही तनाव या सूजन की वजह से ब्रेन सेल्स प्रभावी तरीके से काम नहीं करती हैं। हाल के वर्षों में अल्जाइमर और पार्किंसन का सामना करने रहे मरीजों के ब्रेन की ऑटोप्सी के बाद पाया गया कि कुछ फंगस इसके लिए जिम्मेदार हैं। इसके बाद यह निष्कर्ष निकाला गया कि अल्जाइमर के लिए आंतरिक की जगह बाहरी कारक ज्यादा जिम्मेदार हैं।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl